# अनुयोगद्वार सूत्र की प्रस्तावना.

नमोस्तु सर्वज्ञदेवान्, शास्त्रविज्ञान दातार॥ अनुयोगद्वार सूत्रस्ये, करोमि भाषानुवादक: ॥१॥
चत्वारिमुख्य अनुयोगा, करण चरण गणितानय:॥ धर्मकथास्य स्वरूप: अनुयोगद्वार प्रकाशक: २

जो सर्वज्ञ देवाधिदेव शास्त्र विज्ञान के दातार हैं जिन को नमोस्तव करके जिस में १ करणानुयोग जो कारण मे किया कि नाम जैसे पांच समिती आदि, २ चरणानुयोग जो सदैव पालन किये जाय जैसे पंचमहाव्रतादि, ३ गणितानुयोग सो संख्य असंख्य अनन्तादि और ४ धर्मकथानुयोग सम्वेगनी आदि धर्मकथा. इन चार अनुयोग का सम्यक प्रकार से स्वरूप का प्रकाशक जो यह अनुयोगद्वार शास्त्र श्री जिनेश्वर प्रकाशित और गणधर रचित है. इस का हिन्दी भाषामय अनुवाद करता हूं.

अन्य शास्त्रों से यह शास्त्र बहुत गहन कहा जाता है और है भी तैसा, इस में आवश्यक निक्षेप प्रमाण अनुपूर्वी वगैरा का बहुत सूक्ष्मता के साथ किया है. इस तरह पंजाब देश पावन कर्ता उपाध्यायजी श्री आत्मारामजी कृत हिन्दी भाषानुवाद का पुर्वार्ध पर से और एक प्रत मेरे पास जो तीनों की दीक्ष में लीगई था उस पर से किया है. इस में जो जो अशुद्धियों रहगइ है उसे विशेषज्ञों शुद्ध कर पढेंगे

☞ परम पूज्य श्री कहानजीऋषि महाराज के सम्प्रदाय के बालब्रह्मचारी मुनि श्री अमोलक ऋषिजी ने सीर्फ तीन वर्ष में ३२ ही शास्त्रों का हिंदी भाषानुवाद किया. उन ३२ ही शास्त्रों की १०००-१००० प्रतों को सीर्फ पांच ही वर्ष में छपवाकर दक्षिण हैद्राबाद निवासी राजा बहादुर लाला सुखदेवसहायजी ज्वालाप्रसादजी ने सब को उन का अमूल्य लाभ दिया है?

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अनुवादक बालब्रह्मचारी मुनि श्री अमोलक ऋषिजी



# अनुयोगद्वार सूत्र की अनुक्रमणिका.


| | | | |
|---|---|---|---|
| १ श्रुत ज्ञान का वर्णन | १ | १७ सातस्वरों का कथन ... | १४५ |
| २ द्रव्य आवश्यक का वर्णन | ४ | १८ आठ बिभक्ति का कथन ... | १५४ |
| ३ भाव आवश्यक का वर्णन ... | १५ | १९ नवरस का कथन ... | १५६ |
| ४ श्रुत पर चार निक्षेप ... | १८ | २० दश नाम का कथन ... | १६२ |
| ५ स्कंध पर चार निक्षेप ... | २५ | २१ प्रमाण का कथन ... | १७४ |
| ६ आवश्यक के अध्ययन ... | ३१ | २२ अंगुल का कथन ... | १९२ |
| ७ उपक्रम का अधिकार ... | ३२ | २३ पल्योपम सागरोपम ... | २२८ |
| ८ आनुपूर्वी का अधिकार ... | ३७ | २४ पांच शरीर का कथन ... | २६५ |
| ९ समावतार का अधिकार ... | ४८ | २५ गर्भज मनुष्य की संख्या ... | २७९ |
| १० अनुगम का अधिकार ... | ४९ | २६ चार प्रमाण का कथन ... | २८९ |
| ११ द्रव्यानुपूर्वी का कथन ... | ५० | २७ सात नय का कथन ... | ३०५ |
| १२ क्षेत्रानुपूर्वी ,, ,, ... | ६८ | २८ संख्यात असंख्यात अनंत ... | ३२३ |
| १३ कालानुपूर्वी ,, ,, ... | ८७ | २९ उपक्रम के पांच भेद ... | ३३८ |
| १४ भावानुपूर्वी ,, ,, ... | १०२ | ३० साधु की ८४ औपमा ... | ३६५ |
| १५ नाम के विषय में ... | १०३ | ३१ सामायिक के प्रश्नोत्तर ... | ३७२ |
| १६ छ भावों का कथन ... | १२३ | ३२ नय का संक्षिप्त कथन ... | ३७६ |


प्रकाशक राजा बहादुर लाला सुखदेवसहायजी ज्वालाप्रसादजी

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



# एकत्रिंशत्तम-अनुयोगद्वार सूत्र-चतुर्थ मूल.

सत्र

नाणं पंचविहं पण्णत्तं तंजहा-आभिणिबोहिय नाणं, सुय नाणं, ओहि नाणं, मणपज्जव नाणं, केवल णाणं ॥१॥ तत्थ चत्तारिनाणाइं ठप्पाइं, ठवणिज्जाइं, णोउद्दिसिज्जंति, णोसमुद्दि-

अर्थ

जिस के द्वारा वस्तुओं का स्वरूप जाना जावे अथवा तो जो निज स्वरूप का प्रकाशक है वह ज्ञान है उस के पांच भेद अर्हन्त देवने कहे हैं जिन के नाम—१ जो सन्मुख आये हुए पदार्थों को मर्यादा पूर्वक जानता है वह आभिनिबोधिक ज्ञान है. इस ज्ञान का अपर नाम मतिज्ञान है. २ जो सुनकर पदार्थों के स्वरूप को जानता है उसे श्रुत ज्ञान कहते हैं, ३ जो मर्यादा पूर्वक रूपी पदार्थों को जानता है वह अवधि ज्ञान है. ४ जो मन के पदार्थों को जानता है वह मनःपर्यव ज्ञान है और ५ संपूर्ण लोकालोक के स्वरूप के जाननेवाला केवल ज्ञान कहलाता है ॥ १ ॥ इन पांचों ज्ञान में से श्रुत ज्ञान को छोड कर शेष चार

For Private and Personal Use Only

सूत्र

सिज्जंति, णो अणुण्णविज्जंति, ॥१॥ सुयनाणस्स-उद्देसो, समुद्देसो, अणुण्णा अणुओगो य, पवत्तइ ॥२॥ जइ सुयनाणस्स-उद्देसो, समुद्देसो अणुण्णा अणुओगो य पवत्तइ; किं अंगपविट्ठस्स-उद्देसो, समुद्देसो, अणुण्णा, अणुओगो य पवत्तइ ? किं अंगबाहिरस्स उद्देसो, समुद्देसो, अणुण्णा, अणुओगो य पवत्तइ ? अंगपविट्ठस्सवि उद्देसो समुद्देसो अणुण्णा अणुओगोय पवत्तइ, अंगबाहिरस्सवि उद्देसो समुद्देसो अणुण्णा अणुओ-

अर्थ

ज्ञान लोक में व्यवहार के उपयोगी नहीं होने से पृथक किये गये हैं अर्थात् उन का वर्णन यहां नहीं करते हैं क्यों कि मति ज्ञान, अवधि ज्ञान, मनः पर्यव ज्ञान, और केवल ज्ञान ये चारों ज्ञान. उद्देश, समुदेश. अनुज्ञा व अनुयोग नहीं करते हैं. और श्रुतज्ञान उद्देश, समुदेश, अनुज्ञा व अनुयोग करता है. इस का कथन प्रश्नोत्तर द्वारा विस्तार पूर्वक आगे किया गया है. ॥ २ ॥ प्रश्न—अहो भगवन् ! यदि श्रुत ज्ञान ही उद्देश. समुद्देश, अनज्ञा व अनुयोग करता है तो वह क्या अंग प्रविष्ठ जो आचारंगादि में श्रुतज्ञान है उसके+उद्देशादि करता है अथवा अंग वाहिर जो उत्तराध्ययनादिमें श्रुतज्ञान है उसके उद्देश समुद्देशादि करता है? उत्तर—अहो शिष्य—अंग प्रविष्ट सूत्रों व अंग बाहिर सूत्रों यों दोनो सूत्र में श्रुत ज्ञान के उद्देश समुद्देशादि विद्यमान है. परंतु वर्तमान में जो अनुयोग का आरंभ किया है. इस अपेक्षा अंग

+ १ उद्देश-पढने की आज्ञा, २ समुदेश-पढा हुवा ज्ञान में स्थिर करना, ३ अनुज्ञा-अन्यको पढाने की आज्ञा करना, और ४ अनयोग विस्तार से व्याख्या करना.

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir







सूत्र

गो य पवत्तइ ॥ इमं पुण पट्ठवणं पडुच्च अंगबाहिरस्स उद्देसो जाव अणुओगो य ॥ ३ ॥ जइ अंगबाहिरस्स उद्देसो जाव अणुओगो य किं कालियस्स उद्देसो जाव अणुओगो उक्कालियस्स उद्देसो जाव अणुओगो ? कालियस्सवि उद्देसो जाव अणुओगो उक्कालियस्सवि उद्देसो जाव अणुओगो । इमं पुण पट्ठवणं पडुच्च उक्कालिअस्स उद्देसो जाव अणुओगो ॥ ४ ॥ जइ उक्कालियस्स उद्देसो जाव अणुओगो किं आवस्सगस्स उद्देसो जाव अणुओगो, आवस्सगवितिरित्तस्स उद्देसो जाव अणुओगो? आवस्सगस्साबि उद्देसो जाव अणुओगो आवस्सय वइरित्तस्सवि उद्देसो जाव अणुओगो । इमं

अर्थ

बाहिर सूत्र-श्रुत ज्ञान के उद्देशादि विद्यमान है, ॥ ३ ॥ प्रश्न—अहो भगवन् ! यदि अंग बाहिर के सूत्रों में श्रुत ज्ञान के उद्देश समुद्देशादि विद्यमान है तो क्या कालिक सूत्र कि जो दिन रात्रि के प्रथम व अंतिम प्रहर में पठन किये जाते हैं उन के उद्देशादि है अथवा उत्कालिक सूत्र कि जो अनध्याय काल छोड कर शेष सर्व काल में पठन पठान किये जाते हैं. उस के उद्देशादि है? उत्तर-अहो शिष्य? कालिक उत्कालिक दोनों सूत्र के उद्देशादि हैं और वर्तमान अनुयोग प्रारंभ की अपेक्षा उत्कालिक सूत्र के उद्देशादि भी हैं ॥४॥ प्रश्न—अहो भगवन् ! यदि उत्कालिक सूत्र के उद्देशादि हैं तो क्या आवश्यक सूत्र के उद्देशादि है या आवश्यक से व्यतिरिक्त (बाहिर) सूत्र के उद्देशादि हैं? उत्तर—अहो शिष्य ! आवश्य क के उद्देशादि हैं और आवश्य से व्यतिरिक्त के भी उद्देशादि हैं और यहां अनुयोग का वर्णन करते हुए आमश्यक सूत्र के अनुयोग

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir







सूत्र

पुण पट्ठवणं पडुच्च आवस्सगस्स अणुओगो ॥ ५ ॥ जइ आवस्सगस्स अणुओगो, आवस्सयणं किं अंगं अंगाइं, सुयखंधो, सुयखंधा, अज्झयणं, अज्झयणाइं, उद्देसो, उद्देसा? आवस्सयस्सणं-नो अंग, नो अंगाइं, सुयखधो, नो सुयखंधा, नो अज्झयणं, अज्झयणाइं, नो उद्देसो, नो उद्देसा, ! तम्हा आवस्सयं निक्खिविस्सामि, सुअं निक्खिविस्सामि, खंधं निक्खिविस्सामि, अज्भयणं निक्खिविस्सामि, जत्थय २ जं जाणेज्जा निक्खेवं निक्खेवे निरवसेसं।

अर्थ

का वर्णन करते हैं ॥ ५ ॥ प्रश्न—अहो भगवन् ! यदि वर्तमान में आवश्यक की व्याख्या की जाती है तो क्या आवश्यक एक अंग है कि आवश्यक बहुत अंग है, तथा एक श्रुत स्कंध है या बहुत श्रुत स्कंध है एक अध्ययन है या बहुत अध्ययन है, एक उद्देशा है या बहुत उद्देशा है ? उत्तर—अहो शिष्य ! आवश्यक का एक श्रुत स्कंध है, बहुत श्रुत स्कंध नहीं है, अर्थात् आवश्यक अंग नहीं है परंतु श्रुत स्कंध है आवश्यक का एक अध्ययन नहीं है परंतु बहुत से अध्ययन हैं अर्थात् छे अध्ययन हैं. आवश्यक का एक उद्देश भी नहीं है और बहुत उद्देश भी नहीं है इस लिये इस का स्पष्ट स्वरूप समजाने के लिये १ आवश्यक २ श्रुत, ३ स्कंध, और ४ अध्ययन, इन चारों के पृथक २ चार निक्षेप करूंगा, क्यों कि जिन पदार्थों के जितने निक्षेप जाने उन के उतने निक्षेप निर्विशेषता से करे और जो जिन पदार्थों को

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir







जत्थविय न जाणेज्जा चउक्कगं२ निक्खिवे तत्थ ॥ १ ॥ ६ ॥ से कि तं आवस्सयं? आवस्सयं चउव्विहं पण्णत्तं तंजहा- नामावस्सयं, ठवणावस्सयं, दव्वावस्सयं, भावावस्सयं ॥ ७ ॥ से किं तं नामावस्सयं ? नामावस्सयं जस्सण जीवस्स वा, अजीवस्स वा, जीवाणं वा, अजीवाणं वा, तदुभयस्स वा, तदुभयाणं वा, आवस्सएत्ति नामं कज्जइ, सेत्तं नामावस्सयं ॥ ८ ॥ से किं तं ठवणावस्सयं ? ठवणावस्सयं जण्णं कट्ठकम्मेवा, चित्तकम्मेवा, पोत्थकम्मे वा, लेप्पकम्मे वा, गंथिमे वा, वेढिमे वा,

अर्थ

पूर्ण स्वरूप से न जाने तो उन में भी चार निक्षेप करे, इस लिये यहां आवश्यक का वर्णन करते हैं ॥६॥ प्रश्न—अहो भगवन्! आवश्यक किसे कहते हैं ? उत्तर—अहो शिष्य ! आवश्यक के चार भेद कहे हैं। उन के नाम—१ नाम आवश्यक, २ स्थापना आवश्यक, ३ द्रव्य आवश्यक और ४ भाव आवश्यक ॥ ७ ॥ प्रश्न—अहो भगवन्! नाम आवश्यक किसे कहते हैं ? उत्तर—अहो शिष्य ! किसीने एक जीव का, एक अजीव का, बहुतसे जीव का, बहुतसे अजीव का, एक जीव अजीव दोनों का, बहुतसे जीव अजीव दोनों का, 'आवश्यक' ऐसा नाम रख दिया, उसे नाम आवश्यक कहते हैं ॥८॥ प्रश्न—अहो भगवन्! स्थापना आवश्यक किसे कहते हैं? उत्तर-अहो शिष्य! स्थापना आवश्यक के ४० भेद कहे हैं यथा-१ काष्ट को कोर कर बनाया हुआ रूप (पुरुषादि का आकर) २ चित्र कर बनाया हुआ रूप ३ वस्त्र का बनाया हुआ रूप

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir







सूत्र

पुरिमेवा, संघाइमेवा, अक्खे वा, वराडएवा, एगो वा, अणेगो वा, सब्भावठवणाए वा, असब्भावठवणाए वा, आवस्सएति ठवणा ठविज्जइ, से तं ठवणावस्सय ॥ नाम ठवणाणं को पइविसेसो ? णामं आवकहियं, ठवणा इत्तरिया वा होज्जा, आवकाहियावा होज्जा ॥ ९ ॥ से किं तं दव्वावस्सयं ? दव्वावस्सयं दुविहं पण्णत्तं तंजहा-आगमओय

अर्थ

४ लेप कर्म अर्थात् चूना वगैरह के लेप से बनाय हुआ रूप ५ सूत्रादि गूंथ कर बनाया हुवा रूप, ६ शृंखलादि के वेष्टन से बनाया हुवा रूप, ७ पूरिम-धातु आदि को पिगलाकर संचे में पूरकर बनाया बनाया हुवा रूप, ८ संघातिम-वस्त्रादि खण्ड को एकत्रित कर जोडकर बनाया हुवा रूप, ९ अक्षप रूप पासा वगैरह, डालकर बनाया रूप और १० वराढ-कौडी प्रमुख स्थापन कर बनाया हुवा रूप. यह उक्त प्रकार के दश के एक रूप व अनेक रूप यों २० हुए. उस में सद्भाव स्थापना व असद्भाव स्थापना करे, यों ४० भेद हुए इस प्रकार से उक्त वस्तु को आवश्यक के अभिप्राय से स्थापना करना वहीं स्थापना आवश्यक है. अर्थात् इस प्रकार स्थापना आवश्यक माना जाता है. प्रश्न-अहो भगवन् ! नाम आवश्यक व स्थापना आवश्यक में क्या भेद है ? उत्तर-अहो शिष्य ! नाम जीवन पर्यय रहता हैं और स्थापना तो थोडे काल की भी होती है अर्थात् उस के आकार में पलटा हो जाता है और विशेष काल की भी होती है. यह स्थापना आवश्यक हुवा ॥ ९ ॥ प्रश्न-अहो भगवन् ! द्रव्य आवश्यक किसे कहते ?

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir







सूत्र

नो आगमओय ॥ १० ॥ से किं तं आगमओ दव्वावस्सयं ? आगमओ दव्वावस्सयं-जस्सणं आवस्सएतिपदं सिक्खितं, ठितं, जितं, मितं, परिजितं नामसमं, घोससम, अहीणक्खरं, अणच्चकरं, अव्वाइद्धक्खरं, अक्खलियं, अमिलियं, अवच्चामेलियं, पडिपुण्णं, पडिपुण्णघोसं, कंट्ठोट्ठविप्पमुक्कं, गुरुवायणोवगयं, । से णं तत्थ—वायणाए,

अर्थ

उत्तर—अहो शिष्य ! द्रव्य आवश्यक के दो भेद कहे हैं. तद्यथा-आगम से और नो आगम से. ॥ १० ॥ प्रश्न—अहो भगवन् ! आगम से द्रव्य आवश्यक किसे कहते हैं ? उत्तर—अहो शिष्य! किसीने "आवश्यक" ऐसे पद को सीखलिया है, हृदय में स्थित किया है, अनुक्रम पूर्वक पठन किया है, अक्षरादिक की मर्यादा युक्त जाना है, अपने नामकी तरह अच्छी तरह स्मरण किया है, उदत्तादि दोष रहित बराबर किया है, अक्षरोंकी-न्युनता रहित, अक्षरों की विरलता रहित, अक्षरोंकी अस्वच्छता रहित, अक्षरादि का गडबडाट रहित, मनः कल्पना से नहीं पलटाया हुवा, ह्रस्वदीर्घ से प्रति पूर्ण, कंठादि स्थान के दोष रहित, गुरु की प्रसन्नता पूर्वक धारण किया है और वह आवश्यक पद वाचना पृच्छना, परिवर्तना और धर्मकथा से व्यवहृत किया है परंतु एक अनुप्रेक्षा उस में नहीं है, उस पदको द्रव्य आवश्यक कहते हैं. अर्थात् यह उस के अर्थ में परमार्थ से उपयोग लगावे नहीं. क्योंकि उपयोग लगाने से भाव आवश्यक होता है. प्रश्न उसे

For Private and Personal Use Only

सूत्र

पुच्छणाए, परियट्टणाए, धम्मकहाए, नो अणुप्पेहाए। कम्हा? अणुवओगो दव्वमितिकट्टु ॥ १५ ॥ नेगमस्सणं—एगो अणुवउत्तो आगमओ एगदव्वावस्सयं, दोण्णि अणुवउत्ता आगमओ दोण्णि दव्वावस्सयाइं, तिण्णि अणुवउत्ता आगमओ तिण्णि दव्वावस्सयाइं, एवं जावइया अणुवउत्ता आगमओ तावइयाइं दव्वावस्सयाइं। एव मेव ववहारस्सवि। संगहस्सणं-एगो वा अणेगो वा, अणुवउत्तो वा अणुवउत्ता वा, आगमओ दव्वावस्सयं वा दव्वावस्सयाणि वा, से एगे दव्वावस्सयं। उज्जुसुयस्स-एगो

अर्थ

द्रव्य आवश्यक क्यों कहना? उत्तर—अहो शिष्य! मात्र उपयोग रहित सब क्रिया होने से उसे द्रव्य आवश्यक कहना ॥ १५ ॥ अब इस का विशेष खुलासा के लिये सात नय से द्रव्य आवश्यक का [illegible] हैं—१ नैगम नय में एक मनुष्य उपयोग रहित आवश्यक करता है उसे आगम से एक द्रव्य आवश्यक [illegible] यदि दो व्यक्ति उपयोग रहित आवश्यक करते हैं तो उसे दो द्रव्य आवश्यक कहना. यों इस प्रकार जितनी व्यक्ति उपयोग रहित आवश्यक करते हैं उसे उतने ही द्रव्य आवश्यक कहना. जैसा यह नैगम नय का मत कहा वैसा ही २ व्यवहार नय का मत जानना. ३ संग्रह नय से एक मनुष्य अथवा बहुत मनुष्य उपयोग रहित आवश्यक करते हैं उसे एक ही द्रव्य आवश्यक कहना. क्यों कि संग्रह नयवाला सामान्य विशेषको एक रूपही मानता हैं. चौथा ऋजू सूत्र नयवाला भी एक व्यक्ति उपयोग

सूत्र अणुवउत्तो आगमतो एग दव्वावस्सयं, पुहुत्तं नेच्छइ । तिण्हं सद्दनयाणं—जाणए अणुवउत्ते अवत्थु । कम्हा ? जइ जाणए अणुवउत्ते न भवइ, जइ अणुवउत्ते जाणए भवति, तम्हा णत्थि आगमओ दव्वावस्सयं ॥ से तं आगमओ दव्वावस्सयं ॥ १२ ॥ से किं तं नोआगमओ दव्वावस्सयं ? नोआगमओ दव्वावस्सयं तिविहं पण्णत्तं तंजहा-जाणयसरीर दव्वावस्सयं, भवियसरीर दव्वावस्सयं। जाणयसरीर भवियसरीर वइरित्तं दव्वावस्सयं॥ १३॥ से किं तं जाणय सरीर दव्वावस्सयं ? जाणय सरीर दव्वावस्सयं आवस्सएत्ति

अर्थ रहित आगम से आवश्यक करता है वह एक ही द्रव्य आवश्यक है परंतु यह नय पृथक २ आवश्यक की इच्छा नहीं करता है क्यों कि यह नय वर्तमान काल के पदार्थों को ही स्वीकार करता है. शेष ५ शब्द ६समभिरूढ व ७एवंभूत नय, यों तीनों शब्द नयवाले उपयोग रहित जानते हुए को अवस्तु रूप से मानते हैं. प्रश्न—अहो भगवन् ! किस कारन से ? उत्तर—अहो शिष्य ! यदि जानता होवे तो अनुपयुक्त न होवे और यदि अनुपयुक्त होवे तो जानता नहीं होवे. इस लिये इस नय में आगम से द्रव्य आवश्यक नहीं है. यह आगम से द्रव्य आवश्यक का कथन हुवा ॥ १२ ॥ प्रश्न-अहो भगवन् ! नो आगम से द्रव्य आवश्यक किसे कहते हैं ? उत्तर—अहो शिष्य ! जो आगम द्रव्य आवश्यक के तीन भेद कहे हैं तद्यथा-१ ज्ञ शरीर द्रव्य आवश्यक, भव्य शरीर द्रव्य आवश्यक और ज्ञ शरीर भव्य शरीर व्यतिरिक्त द्रव्य आवश्यक ॥ १३ ॥ प्रश्न—अहो भगवन् ! ज्ञ शरीर द्रव्यावश्यक किसे कहते हैं ? उत्तर-

सूत्र

पयत्थाहिगार जाणयस्स जं सरीरयं ववगय चुतचावित चतदेहं जीवविप्पजढं सिज्जागयं वा संथारगयं वा, निसीहियागयं वा, सिद्धसिलातलगयं वा, पासित्ताणं कोइ भणेज्जा—अहो ! णं इमेणं सरीर समुस्सएणं जिणोवइट्ठुणं भावेण आवस्सए त्तिपयं-आघवियं पण्णवियं परूवियं दंसियं उवदंसिमं, जहा को दिट्ठंतो ? अयं महुकुंभे आसी, अयं घयकुंभे आसी, से तं जाणय सरीर दव्वावस्सयं ॥ १४ ॥

अर्थ

अहो शिष्य ! आवश्यक ऐसा पद व अर्थ के अधिकार जाननेवाले का चेतना से रहित प्राणों के बल को जिसने त्याग किया है वैसा, जीव रहित, शैय्या पर पडा संथारे पर पडा हुवा, जिस ध्यान में काल कर गया होवे उस प्रकार के ध्यान के आकार में रहा हुवा और शिला पर अनशन किया हुवा शरीर को देख कर कोई कहे कि अहो ! इस शरीर के पुद्गल समुहने तीर्थंकर के उपादिष्ट भाव से आवश्यक ऐसा पद कहा था, समुच्चय प्ररूपाया था, विशेष प्ररूपा था, क्रिया कर देखाया था, अलग २ अर्थ दर्शाया था, अहो भगवन् ! किस दृष्टांत से ! अहो शिष्य ! जैसे यह मधु का घट था, अथवा यह घृत का घट था क्यों कि वर्तमान काल में घट विद्यमान रूप तो है परंतु मधु व घृत से रहित है इस प्रकार घट तुल्य शरीर है परंतु मधु व घृत समान आवश्यक करनेवाला वर्तमान में विद्यमान नहीं हैं इस लिये ही उस का नाम ज्ञ शरीर द्रव्यावश्यक रखा गया है ॥ १४ ॥ प्रश्न—अहो भगवन् ! भविय शरीर द्रव्यावश्यक

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir







सूत्र

से किं तं भविय सरीर दव्वस्सयं ? भविय सरीर दव्वावस्सयं जे जीवे जोणि जम्मण निक्खंते इमेणं चेव आत्ताएणं सरीर समुस्सएणं जिणोवदिट्ठेणं भावेणं आवस्सएतिपयं, सेयकाले सिक्खिस्सइ, न ताव सिक्खइ, जहा को दिट्ठंतो ? अयं महु कुंभे भविस्सइ, अयं घयकुंभे भविस्सइ, से तं भवियसरीर दव्वावसयं ॥ १५ ॥ से किं तं जाणय सरीर भविय सरीर वतिरित्तं दव्वावस्सयं ? जाणय सरीर भविय सरीर वतिरित्तं दव्वावस्सयं तिविहं पण्णत्तं तंजहा-लोइयं, कुप्पावयणियं,

अर्थ

किसे कहते हैं ? प्रश्न—अहो शिष्य ! जो जीव योनि द्वारा जन्म को प्राप्त हो गया है और आगामी कालमें अपने शरीर समुदाय कर जिनेन्द्र उपदिष्ट भाव से 'आवश्यक' ऐसे पद सीखेगा परंतु वर्तमान काल में उसने आवश्यक के पद को धारन नहीं किया है. इस का दृष्टांत देते हैं जैसे नये घट को देख कर कोई कहे कि यह घृत के लिये घट होगा, यह मधु के लिये घट होगा. ऐसे ही यह भी आवश्यक का ज्ञाता होगा. यह भव्य शरीर द्रव्य आवश्यक हुवा ॥ १५ ॥ प्रश्न—अहो भगवन् ! ज्ञ शरीर और भव्य शरीर व्यतिरिक्त द्रव्य आवश्यक किसे कहते हैं ? उत्तर—ज्ञ शरीर व भव्य शरीर व्यतिरिक्त द्रव्य आवश्यक के तीन भेद कहे हैं. तद्यथा—१ लौकिक, २ कुप्रावचनिक और ३ लोको-

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir







सूत्र

लोउत्तरियं ॥ १६ ॥ से किं तं लोइयं दव्वावस्सयं ? लोइयं दव्वावस्सयं जे इमे राईसर, तलवर, मांडविय, कोडुंविय इब्भसेट्ठि सेणावइ, सत्थवाह, प्पभितिओ-कल्लं पाउप्पभायाए रयणीए सुविमलाए पुल्लुप्पलकमल कोमलुम्मिलियंमि अहपुंडरे पभाए रत्तासोगपगासे, किंसुय, सुयमुह, गुंजद्धरागसरिसे कमलागर नलिणीसड-बोहए, उट्ठियंमिसूरे सहस्सरस्सिंमि दिणयरे तेअसा जलंते—मुहधोयणं दंतपक्खालणं, तेल्लफाणिह सिद्धत्थयं हरिआलिया अद्दाग धुव पुप्फ मल्ल गंध तंबोल वत्थमाइआई

अर्थ

चर ॥ १६ ॥ प्रश्न—अहो [भ]गवन् ! लौकिक द्रव्य आवश्यक किसे कहते हैं ? उत्तर—अहो शिष्य ! जो यह राजा, युवराजा, कोतवाल, मंडवाधिपति, कुटुम्बाधिपति, गजांत लक्ष्मी धारका इभ शेठ, नगरशेठ, सेनापति, सार्थवाह इत्यादि लोग प्रातः काल में किंचिन्मात्र प्रकाश होते और रात्रि के व्यतिक्रम होने पर, अति निर्मल आकाश होने पर, विकासित कमल व नेत्र समान पंडुर वर्ण के प्रभात में रक्त अशोक किंशुक वृक्ष के पुष्प, गुंजार्द्ध-आधी रति के रंग समान कमलों के जलाशय व नलिनी आदि कमलों को प्रतिबोधित ( विकशित ) करता हुवा सहस्र किरणवाला सूर्य जब प्रकाशमान होता है तब मुख धोते हैं, दंत प्रक्षालन करते हैं, केश मुख व शरीर में तैल लगाते हैं, कांगी से बाल स्वच्छ करते हैं, हरताल व द्रौवा को मस्तक में धारन करते हैं, सुगंधि धूप करते हैं, पुष्प माला चंदनादि गंध व

For Private and Personal Use Only

सूत्र

दव्वावस्सयाइं करेंति,ततो पच्छा रायकुलं वा, देवकुलं वा, आरामं वा, उज्जाणं वा, सभं वा, पव्वं वा, निगच्छंति ।से तं लोइयं दव्वावस्सयं ॥१७॥ से किं तं कुप्परावय-णियं दव्वावस्सयं ? कुप्परावयणियं दव्वावस्सयं जे इमे चरग, चीरिय, चम्मखंडिय, भिक्खोडग, पडुरंग, गोयम, गोव्वतिय, गिहधम्म, धम्मचिंत्तग, अविरूद्ध विरुद्ध, वुड्डसावग,प्पभितओ, पासंडत्था, कल्लं पाउप्पभाए रयणीए जाव तेयसा जलंते-इंदस्स वा.

अर्थ

तंबोल का सेवन करते हैं, प्रधान वस्त्राभूषणादि से शरीर को अलंकृत करते हैं. पूर्वोक्त कर्तव्य को अपने नित्य के नियम जैसे करते हैं. इतना करके वे राज सभा में, देवादिक के स्थान में जैन सभा में, प्रपास्थान में, बाग बगीचे में क्रीडा करने के लिये जाते हैं, उसे लौकिक द्रव्य आवश्यक कहते हैं. यह लौकिक द्रव्य आवश्यक हुवा. ॥ १७ ॥ प्रश्न—अहो भगवन् ! कुप्रावचनिक द्रव्य आवश्यक किसे कहते हैं ? उत्तर—अहो शिष्य ! जो यह चरक—वस्त्रखंड रखने वाले, चर्म खंड रखने वाले, मृग छाला धारन करने वाले, भिक्षा करने वाले, भस्म शरीर के लगाने वाले, वृषभादि निमित्त से आजीविका करने वाले,गौ वृत्ति से थोडा २ ग्रहण कर उपजीविका करनेवाले, गृहस्थावास में रहकर धर्म पालनेवाले अथवा गृहस्थ धर्म के उपाधिक यज्ञादि धर्म की चिंतवना करनेवाले,सब लोगों से अविरुद्ध धर्म का आ-

 १३

मूत्र

खंधस्स वा, रुद्दस्स वा, सिवस्स वा, वेसमणस्स वा, देवस्स वा, नागस्स वा, जक्खस्स वा, भूयस्स वा, मुगुंदस्स वा, अज्जाए वा; दुग्गाए वा, कोट्टकिरियाए वा, उवलेवण, समज्जण, आवरिसण, धूव पुप्फ गंध मल्लाइयाइं दव्वावस्सयाइं करेंति, से तं कुप्पावयणियं दव्वावस्सयं ॥ १८ ॥ से किं तं लोगुत्तरियं दव्वावस्सयं ? लोगुत्तरियं दव्वावस्सयं जे इमे-समणगुणमुक्कजोगी, छक्कायनिरणुकंपा, हयाइव उद्दामा, गयाइव निरंकुसा, घट्ठा, मट्ठा, कुप्पोट्ठा, पंडुरपभं पाउरणा, जिणाणं अणाणाए, सच्छंद

अर्थ

चरन करनेवाले, विनयवादी अथवा नास्तिकवादी, वृद्ध श्रावक * (ब्राह्मण) प्रमुख पाखंडी प्रातःकाल होते ही यावत् जाज्वल्यमान सूर्य प्रकाशित होते ही इन्द्र की. स्कंध-कार्तिक स्वामी की, रुद्र की, शिव की, वैश्रमण की. देवता की. नाग देव की. यक्ष देव की. भूत की. मुकुंद-बलदेव की, अज्जा देवी की, दुर्गा देवी की, कोट क्रिया—जिस के आगे बहुत प्राणियों का वध होवे वैसे देवता देवियों की प्रतिमा के स्थान गोमयादि से लीपन कर पांडु आदि से पोत कर, उन के आगे धूप क्षेपे, पुष्पादिक की माला पहिनावे. इत्यादिक द्रव्य आवश्यक करे. यह कुप्रावचानिक द्रव्य आवश्यक हुवा ॥ १८ ॥ अहो भगवन् ! लोकोत्तर द्रव्य आवश्यक किसे कहते हैं ? अहो शिष्य ! लोकोत्तर द्रव्य आवश्यक उसे कहते हैं कि जो

---

* श्री ऋषभदेव स्वामी के समयमें जो भरत जीने माहण-ब्राह्मण श्रावक स्थापन किये थे उनकी जातियें से कितनेक परंपरा से श्रावक वृत्ति से च्युत होगये और ब्राह्मण की क्रिया करने लगे उन को वृद्ध श्रावक के नाम से बोलाये गये हैं.

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir







सूत्र

बिहरिऊणं उभओकालं आवस्सयस्स उवट्ठंति, से तं लोगुत्तरियं दव्वावस्सयं ॥ से तं जाणय सरीर भविय सरीर वइरितं दव्वावस्सयं ॥ से तं नो आगमतो दव्वावस्सयं ॥ से तं दव्वावस्सयं ॥१९॥ से किं तं भावावस्सयं ? भावावस्सयं दुविहं पण्णत्तं तंजहा-आगमोय, नो आगमोय॥२०॥से किं तं आगमतो भावावस्सयं ? आगमतो भावावस्सयं जाणए उवउत्ते, से तं आगमतो भाववस्सयं ॥२१॥ से किं तं नो आनमतो भावावस्सयं ?

अर्थ

क्षमादि साधु के गुणों से रहित हैं, षट्कायाकी अनुकंपा रहित हैं, घोडे जैसे उन्मत्त हैं, गज जैसे निरंकुश हैं, घटारे, मठारे, भृंगारित ओष्टवाले, शुभ्र स्वच्छ वस्त्र पहिननेवाले. अर्हतों की आज्ञाका उल्लंघनकर स्वच्छंद-पने विचरनेवाले. वे आवश्यक के लिये दोनों काल में सावधान होते हैं. यह लोकोत्तर द्रव्य आवश्यक कहा जाता है. यह जानग शरीर भव्य शरीर व्यतिरिक्त द्रव्य आवश्यक हुवा. यह जो आगम से द्रव्य आवश्यक हुवा. यह द्रव्य आवश्यक का कथन हुवा. ॥ १९ ॥ अहो भगवन् ! भाव आवश्यक किसे कहते हैं ? अहो शिष्य ! भाव आवश्यक दो प्रकार से प्रतिपादन किया गया हैं तद्यथा—१. आगम से और २ नो आगम से अहो भगवन् ! आगम से भाव आवश्यक किसे कहते हैं ? अहो शिष्य! जो आवश्यक के स्वरूप को उपयोग पूर्वक जानता है उसीका नाम भाव आवश्यक है ॥२१॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir







सूत्र

नो आगमतो भावावस्सयं तिविहं पण्णत्तं तंजहा-लोइयं, कुप्पावयणियं, लोगुत्तरियं ॥ २२ ॥ से किं तं लोइयं भावावस्सयं ? लोइयं भावावस्सयं-पुव्वण्हे भारहं, अवरण्हे रामायणं, से तं लोइयं भावावस्सयं ॥ २३ ॥ से किं तं कुप्पावयणियं भावावस्सयं? कुप्पावयणियं भावावस्सयं जे इमे-चरग चीरिग जाव पासंडत्थासयं, इज्जं-जलि होम जपोंदुरुक्क नमोक्कारमाइआइं भावावस्सयाइं करेंति, से तं कुप्पावयणियं भावावस्सयं ॥ २४ ॥ से किं तं लोगुत्तरियं भावावस्सय ? लोगुत्तरियं भावावस्स-

अर्थ

नो आगम से भाव आवश्यक किसे कहते हैं ? जो आगम से भाव आवश्यकके तीन भेद कहे हैं तद्यथा-१ लौकिक, २ कुप्रावचनिक, और ३ लोकोत्तर. ॥ २२ ॥ अहो भगवन् ! लौकिक भाव आवश्यक किसे कहते हैं ? अहो शिष्य ! पूर्वोक्त प्रकार प्रातः काल में भारत और संध्या काल में रामायण का भाव सहित पठन पाठन करते हैं वह लौकिक भाव आवश्यक ॥ २३ ॥ अहो भगवन् ! कुप्रावचनिक भाव आवश्यक किसे कहते हैं ? अहो शिष्य ! उक्त प्रकार के चरक, वस्त्र खंड धारन करनेवाले यावत् पाखंडी इष्ट देवको अंजली जोडकर नमस्कार करे. यज्ञ हवन. पूजा. जप. और मुख से बैल जैसे शब्दोच्चार करके नमस्कार करे इत्यादि भाव आदर करते हैं वह कुप्रावचनिक भाव आवश्यक है ॥ २४ ॥ अहो भगवन् ! लोको-

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



सूत्र

यं जण्णं इमे समणे वा, समणी वा, सावओ वा, सावियावा, तच्चित्ते, तम्मणे, तल्लेसे तब्भवसिए, तदज्झवसाणे, तदट्ठोवउत्ते, तदप्पियकरणे, तब्भावणा भाविए, अण्णत्थ कत्थ इमेणं अकुव्वमाणे उवउत्ते, जिणवयण धम्माणुरागरत्तमणे उभओकालं आवस्सयं करेति, से तं लोगुत्तरियं भावावस्सयं ॥ से तं नो आगमतो भावावस्सयं ॥से तं भावावस्सयं ॥२५॥ तस्सणं इमे एगट्ठिया णाणाघोसा णाणावंजणा णामधेज्जा भवंति, तंजहा-(गाहा) आवस्सयं,आवस्सं,करणिज्जं,धुवनिग्ग-हो विसोहिय॥अज्झयण छक्कवग्गो, नाओ आराहणामग्गो ॥१॥ समणेणं सावएणय

अर्थ

त्तर भाव आवश्यक किसे कहते हैं ? अहो शिष्य ! आवश्यक में चित्तस्थापनेवाले, आवश्यक से ही मन· अध्यवसाय व तीव्र अध्यवसाय रखनेवाले, उस के अर्थ में उपयोग लगानेवाले, उस में भावना करनेवाले उस के योग्य मुखवस्त्रिका प्रमुख उपकरण रखनेवाले और अन्य किसी वस्तु में अपना मन नहीं रखने-वाले शुद्ध उपयोगयुक्त जिन प्रणित बचन में व धर्म में प्रेमाणुराग रक्त बने हुवे ऐसे साधु. साध्वी.श्रावक और श्राविका जो प्रातःकाल व संध्याकालयों दोनों काल भाव आवश्यक (प्रतिक्रमण) करे वह लोकोत्तर भाव आवश्यक. यह लोकोत्तर भाव आवश्यक हुवा. यह नो आगम से भाव आवश्यक हुआ यह भाव आवश्यक हुवा ॥ २५ ॥ अब इस आवश्यक के आठ नाम कहते हैं—१ अ परमार्थ से यह आवश्यक एकार्थ रूप है, परंतु उच्चारन से अनेक घोष और अनेक व्यंजन हैं. इस के नाम कहते हैं—१ आवश्यक





For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



सूत्र

अवस्सं कायव्वं हवइ, जम्हा अंतो अहोनिसस्स य, तम्हा आवस्सयं नाम ॥ २ ॥ स तं आवस्सयं ॥ २६ ॥ * ॥ सेकिंतं सुतं ?सुतं चउव्विहं पण्णतं तंजहा-नामसुयं ठवणासुयं, दव्वसुयं, भावसुयं ॥ २७ ॥ से किं तं नायसुयं ? नायसुयं जस्सणं जीवस्स वा जाव सुएत्ति नाम कज्जइ, सेतं नामसुयं ॥२८॥ से किं तं ठवणासुयं ?

अर्थ

सब प्रकार के गुणों का आवास रूप, २ आवस्य करणिज्जं-सदैव आवश्य करने योग्य. ३ धृवविग्रह-सदैव इन्द्रियों के निग्रह करने का स्थान.४विशुद्ध-आत्मा को विशुद्ध निर्मल करने का स्थान,५अध्ययन षड्वर्ग-छ अध्ययन के वर्ग रूप, ६ न्याय-न्याय करनेवाला, ७ आराधन-ज्ञानादिक की आराधना करनेवाला और ८ मार्ग-मोक्ष का यही मार्ग ॥ १ ॥ साधु साध्वी, श्रावक और श्राविका को दोनों वक्त आवश्य करने योग्य होने से इस का आवश्यक ऐसा नाम है. यह आवश्यक का अधिकार हुवा ॥ * ॥

अब श्रुत के निक्षेप कहते हैं—अहो भगवन् ! श्रुत किसे कहते हैं ? अहो शिष्य ! श्रुत के चार प्रकार कहे हैं. तद्यथा:—१ नाम श्रुत, २ स्थापना श्रुत, ३ द्रव्य श्रुत और भाव श्रुत ॥ २७ ॥ अहो भगवन् ! नाम श्रुत किसे कहते हैं ? अहो शिष्य ! किसी एक जीव का, तथा अजीव का, बहुत जीव का बहुत अजीव का, एक जीवाजीव का तथा बहुत जीवाजीव का श्रुत ऐसा नाम रखा वह नाम श्रुत. यह नाम श्रुत हुवा ॥ २८ ॥ अहो भगवन् ! स्थापना श्रुत किसे कहते हैं ? अहो शिष्य !





For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



सूत्र

ठवणा सुयं जं णं कट्ठकम्मे वा जाव ठवणा ठविज्जइ, से तं ठवणा सुयं॥ २९॥ नाम ठवणाणं कोपइ विसेसो ? नाम अवकाहियं, ठवणा इत्तरिया वा होज्जा, अवकाहिया वा होज्जा॥ ३०॥से किं तं दव्वसुयं? दव्व सुयं दुविहं पराणत्तं तंजहा—आगमतोय,नो आगमतो य ॥ ३१ ॥ से किं तं आगमतो दव्वसुयं ? आगमतो दव्वसुयं जस्सणं सुएत्तिपयं सिक्खियं, ठियं, जियं, जाव णो अणुप्पेहाए, कम्हा ? अणुवओगो दव्व-

अर्थ

स्थापना श्रुत जो पूर्वोक्त प्रकार काष्टादि दश प्रकार से वस्तु की एक तथा अनेक, सद्भाव तथा असद्भाव स्थापना करे वह स्थापना श्रुत. यह स्थापना श्रुत हुवा ॥ २९ ॥ अहो भगवन् ! नाम व स्थापना में क्या विशेषता है ? अहो शिष्य ! नाम जावजीव तक रहता है और स्थापना थोडे काल की भी होती है और जावजीव की भी होती है ॥ ३० ॥ अहो भगवन् ! द्रव्य श्रुत किसे कहते हैं ! अहो शिष्य ! द्रव्य श्रुत के दो भेद कहे हैं. तद्यथा—आगम से और नो आगम से ॥ ३१ ॥ अहो भगवन् ! आगम से द्रव्य श्रुत किसे कहते हैं ! अहो शिष्य ! आगम से द्रव्य श्रुत उसे कहते हैं कि जिस किसीने गुरु के पास से "श्रुत" ऐसा पद पठन किया होवे हृदय में स्थित किया होवे यावत् उसमें उपयोग नहीं रखा होवे. उपयोग रहित होने से द्रव्य श्रुत कहा जाता है. नैगम नय की अपेक्षा एक व्यक्ति श्रुत पठन करता है उसे एक द्रव्य श्रुत कहना. यों जिस प्रकार सात नय आवश्यक पर कहे उस ही प्रकार यहां पर भी

सूत्र

मितिकट्टु नेगमस्सणं एगो अणुवउत्तो आगमतो एगं दव्वसुयं जाव कम्हा ? जइ जाणए अनुवउत्ते न भवइ, से तं आगमतो दव्वसुयं ॥ ३२ ॥ से किं तं नो आगमतो दव्वसुयं ? नो आगमतो दव्वसुयं तिविहं पण्णत्तं तंजहा-जाणय सरीर दव्वसुयं, भविय सरीर दव्वसुयं, जाणय सरीर भाविय सरीर वइरित्तं दव्वसुयं ॥ ३३ ॥ से किं तं जाणय सरीर दव्वसुयं ? जाणयसरीर दव्वसुयं सुयाति पयत्थाहिगार जाणयस्स जं सरीरयं ववगयचुयं चाविय चत्तदेह तं चेव पुव्व भणियं भाणियव्वं जाव से तं जाणय सरीर दव्वसुयं ॥ ३४ ॥ से किं तं

अर्थ

कहना. यावत् जिस लिये वह उपयोग रहित होता है इस लिये वह द्रव्य श्रुत कहाता है. यह आगम से द्रव्य श्रुत हुवा ॥ ३२ ॥ अहो भगवन् ! नो आगम से द्रव्य श्रुत किसे कहते हैं ? अहो शिष्य ! नो आगम से द्रव्य श्रुत के तीन भेद कहे हैं जिन के नाम—१ ज्ञ शरीर द्रव्य श्रुत, २ भव्य शरीर द्रव्य श्रुत और ३ ज्ञ शरीर भव्य शरीर व्यतिरिक्त द्रव्य श्रुत ॥ ३३ ॥ अहो भगवन् ! ज्ञ शरीर द्रव्य श्रुत किसे कहते हैं? अहो शिष्य ! 'श्रुत' ऐसे पद व उस के अर्थ के अधिकार का ज्ञाता शरीर जीव रहित, प्राण रहित जीव की चेष्टा रहित पूर्वोक्त प्रकार हुवा उसे देख कर कोई कहे कि यह श्रुत का ज्ञाता था. जैसे यह मधु का घट, यह घृत का घट था. इसे ज्ञ शरीर द्रव्य श्रुत कहना ॥ ३४ ॥ अहो भगवन् ! भव्य शरीर

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



सूत्र

भविय सरीर दव्वसुयं ? भविय सरीर दव्वसुयं-जे जीवे जोणी जम्मणं निक्खंते जहा दव्वावस्सए तहा भाणियव्वं, जाव सेतं भविय सरीर दव्वसुयं ॥ ३५ ॥ से किं तं जाणय सरीर भविय सरीर वइरित्तं दव्वसुयं ? जाणय सरीर भविय सरीर वइरित्तं दव्वसुयं–जंपत्तयपोत्थयलिहियं ॥ अहवा जाणय सरीर भविय सरीर वइरित्तं दव्वसुयं पंचविहं पण्णत्तं तंजहा–अंडयं, बोडयं, कीडयं, वालयं, वक्कयं,

अर्थ

द्रव्य श्रुत किसे कहते हैं ? अहो शिष्य ! जिस किसीने माता की योनि से जन्म लिया वह आगमिक काल में श्रुत का अभ्यास करेगा. जैसे यह मधु का या घृत का घट होगा उसे भव्यशरीरद्रव्यश्रुत कहना ॥ ३५ ॥ अहो भगवन् ! ज्ञशरीरद्रव्यशरीरव्यतिरिक्त द्रव्य श्रुत किसे कहते हैं ? अहो शिष्य ! ताड पत्र अथवा पुस्तक पर जो लिखा हुवा श्रुत है उसी का नाम ज्ञ शरीर भव्य शरीर व्यतिरिक्त द्रव्य श्रुत है. प्राकृत में श्रुत शब्द व सूत्र शब्द इन दोनों के लिये सुय शब्द का प्रयोग किया है इस से अब यहां सूत्र का अधिकार कहते हैं. यहां सूत्र के पांच भेद कहे हैं—१ अंडज—अण्डे से उत्पन्न होनेवाला, बोडज सूत्र-फल से उत्पन्न होनेवाला. ३ कीडज—कृमि से उत्पन्न होने वाला, ४ वालज बाल से उत्पन्न होनेवाला और ५ वल्कलज—वल्कल से उत्पन्न होनेवाला. प्रश्न—इस में अंडज किसे

सूत्र

अंडयं—हंसगब्भादि, बोडयं—कप्पासमाइ, कीडयं पंचविहं पण्णत्तं तंजहा—पट्टे, मलए, अंसुए, चीणंसुए, किमिरागे ॥ बालयं पंचविहं पण्णत्तं तंजहा—उण्णिए उट्टिए, मियलोमिए, कोत्तवे, किट्टिसे ॥ वागयं सणमाइ ॥ सेतं जाणय सरीरं भविय सरीर वइरित्तं दव्वसुयं॥सेतं नो आगमतो दव्वसुयं॥सेतं दव्वसुयं॥ ३६॥से किं तं भावसुयं? भावसुयं दुविहं पण्णत्तं तंजहा—आगमतो य, नो आगमतो य ॥ ३७ ॥ से किं

अर्थ

कहते हैं ? उत्तर—अण्डज सो हंस गर्भ प्रमुख जान लेना, बोडज सो कर्पास का सूत्र वगैरह जानना. कीडे से होनेवाले सूत्र के पांच भेद—पट्ट सूत्र-कीडे की लाल से बना, २ मलय सूत्र मलय देश के कीडे से बना, ३ अंशुक सूत्र-चिन देश सिवाय अन्य देश के कीडे से बना, ४ चिनांशुक-चीन देश के कीडे से बना. और ५ कृमिराग-रक्त वर्ण के कीडे से बना. बाल के पांच भेद कहे हैं. तद्यथा—१ मेंढे के बाल से २ऊंट के बाल से, ३ मृग के बाल से, ४ उंदर के बाल से और ५ किसी कीटक के रोम से. और वल्कल से शन वगैरह जानना. यह ज्ञ शरीर भव्य शरीर व्यतिरिक्त द्रव्य श्रुत हुवा. यह नो आगम से द्रव्य श्रुत का कथन हुवा. यह द्रव्य श्रुत का कथन संपूर्ण हुवा ॥ ३६ ॥ अहो भगवन् ! भाव श्रुत किसे कहते हैं? अहो शिष्य! भाव श्रुत के दो भेद—आगम से व नो आगम से ॥३७॥अहो भगवन्! आगम से भाव

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



सूत्र

तं आगमतो भावसुयं ? आगमतो भावसुयं-जाणए उवउत्ते सेत्तं आगमतो भावसुय ॥३८॥ से किं तं नो आगमतो भावसुयं?नो आगमतो भावसुयं-दुविहं पण्णत्तं तंजहा-लोइयं, लोगुत्तरियं च ॥ ३९ ॥ से किं तं लोइयं नो आगमतो भावसुयं ? लोइयं नो आगमतो भावसुयं, जं इमे अण्णाणिएहिं मिच्छादिट्ठीएहिं सच्छंदबुद्धिमइ विगप्पियं तंजहा—भारहं, रामायणं, भीमासुरुक्ख, कोडिल्लयं, घोडयमुहं, सगड भद्दियाओ, कप्पासियं, णागसुहुमं कणगसत्तरीवेसियं, वइसेसियं, बुद्धसासणं,

अर्थ

श्रुत किसे कहते हैं ? अहो शिष्य ! उपयोग सहित अर्थ परमार्थ का ज्ञाता हो श्रुत का पठन करे वह भाव श्रुत कहा जाता है. यह आगम से भाव श्रुत का कथन हुवा ॥ ३८ ॥ अहो भगवन् ! नो आगम से भाव श्रुत किसे कहते हैं ? अहो शिष्य ! नो आगम से भाव श्रुत के दो भेद कहे हैं. लौकिक व लोकोत्तर ॥ ३९ ॥ अहो भगवन् ! लौकिक नो आगम से भाव श्रुत किसे कहते हैं ? अहो शिष्य ! अज्ञानी मिथ्यादृष्टियोंने अपनी स्वच्छंदता से व मति कल्पना से जो १ भारत, २ रामायण, ३ भीमसुयुक्त, ४ कौटिल्य, ५ घोटज सूत्र, ६ सगड भद्र, ७ कल्पाकल्प, ८ नाग सूक्ष्म, ९ कनक सत्तरी, १० वैशेसिका, ११ बुद्ध वचन, १२ कापिल, १३ वैशिक, १४ लोकायत, १५ साठ तंत्र, १६ माढर,

सूत्र

काविलं, लोगायतं, सट्ठियंत्तं, माढरपुराणं, वागरणं नाडगाइ. अहवा बावत्तरिकलाओ चत्तारियवेया, संगोवगाणं, से तं लोइयं नो आगमतो भाव सुयं ॥४०॥ से किं तं लोउत्तरियं नो आगमतो भावसुयं? लोउत्तरियं नो आगमतो भावसुयं-जं इमं अरिहंतेहिं भगवंतेहिं उप्पण्णणाण दंसणधरेहिं तीय पडुप्पण्ण मणागय जाणएहिं सव्वण्णूहिं सव्वदरिसिहिं तिल्लुक्कवहित महितपूइएहिं, अप्पडिहय वरणाण दंसण धरेहिं पणीयं दुवालसंगं गाणिपिडगं तंजहा-आयारो, सुयगडो, ठाणं, समवाओ, विवाहपण्णत्ती, नाया धम्म कहाओ. उवासगदसाओ, अंतगडदसाओ,

अर्थ

१७ पुरान, १८ व्याकरण, १९ नाटक; २० बहुत्तर कला के शास्त्र, २१ चारों वेद. २२ सांगोपांग षट् शास्त्र वैगरह जो बनाये हैं उसे नो आगम भाव श्रुत कहना ॥ ४० ॥ अहो भगवन् ! लोकोत्तर नो आगम से भाव श्रुत किसे कहते हैं ? अहो शिष्य ! लोकोत्तर नो आगम से भाव श्रुत उसे कहते हैं कि जो केवल ज्ञान केवल दर्शन के धारक भूत काल, भविष्य काल व वर्तमान काल यों तीनों काल भाव के सर्वज्ञ सर्वदर्शी, तीन लोक के जीवों को वंदनीय पूज्यनीय, अप्रतिहत प्रधान ज्ञान दर्शनवाले श्री अरिहंत वीतराग देवने आचार्य के रत्न करंड समान जो द्वादशांग प्ररूपे हैं. इन द्वादशांग के नाम कहते हैं. १ आचारांग, २ सूत्रकृतांग, ३ स्थानांग, ४ समवायांग, ५ विवाह प्रज्ञप्ति, ६ ज्ञाता धर्म कथांग,

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir
For Private and Personal Use Only

सूत्र

अणुत्तरोववाइयदसाओ, पण्हावागरणाइं, विवागसुयं, दिट्ठिवाओय, सेतं लोउत्तरियं नो आगमतो भाव सुयं ॥ सेतं नो आगमतो भावसुयं ॥ सेतं भावसुयं ॥ ४१ ॥ तस्सणं इमे एगट्ठिया णाणाघोसा णाणावंजणा नामधेज्जा भवंति तंजहा (गाहा) सुयं सुत्तं गंथं सिद्धंति सासणं आणत्ति. वयण उवएसो ॥ पण्णवणे आगमेऽवियएगट्ठा पज्जवासुत्ते ॥ १ ॥ सेतं सुयं ॥ ४२ ॥ * ॥ से किं तं खंधे ? खंधे चउव्विहे पण्णत्ते

अर्थ

७ उपासक दशांग, ८ अंतकृत दशांग, ९ अनुत्तरोपपातिक दशांग, १० प्रश्न व्याकरण, ११ विपाक और १२ दृष्टिवाद. यह लोकोत्तर नो आगम भाव श्रुत हुवा. श्रुत शब्द पर यह चार निक्षेप हुए ॥४१॥ श्रुत के दश नाम कहते हैं—यह श्रुत पद एकार्थ वाची, अनेक घोष व अनेक व्यंजनवाला है. इन के नाम कहते हैं—१ श्रुत गुरु आदि के मुख से श्रवण कर धारन किया जावे, २ सूत्र-अर्थ परमार्थ की सुचना रूप, ३ ग्रंथ-अनेक भाव भेदना का ग्रंथन, ४ सिद्धांत-स्वतः के गुन से सिद्ध बना हुवा या निश्चय ज्ञान का दर्शक. ५ शासन—हितशिक्षा या कर्म दंड का दाता, ६ आज्ञक—जिनाज्ञा या मोक्ष पथ का दर्शक, ७ वचन—सद्बोध या सत्य कथन करनेवाला, ८ उपदेश—हिताहित दर्शक अथवा न्याय पथ में स्थापक, ९ प्रज्ञप—प्रवचन सद्बुद्धि द्वारा प्रकाशक अथवा अन्य नहीं कह सके वैसा उत्कृष्ट प्रधान बचन कहनेवाला और १० आगम—जिन प्रणित परंपरा से चला आता. यह एकार्थवाची भाव श्रुत के नाम कहे यह श्रुत का अधिकार संपूर्ण हुवा ॥ २ ॥ ४२ ॥ * ॥ अब स्कंध शब्द पर चार निक्षेप कहते हैं—

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir







सूत्र

तंजहा-नाम खंधे, ठवणा खंधे, दव्व खंधे, भाव खंधे ॥ १ ॥ णाम ठवणाओ पुव्वभाणि आओ आणुक्कमेण भाणियव्वाओ॥ २॥ से किं तं दव्वखंधे ? दव्व खंधे दुविहे पण्णत्ते तंजहा—आगमतोय नो आगमतोय ॥ ३ ॥ से किं तं आगमओ दव्वखंधे ? आगमओ दव्वखंधे—जस्सणं खंधेति पयं सिक्खियं सेसं जहा दव्वावस्सए तहा भाणियव्वं, णवरं खंधाभिलावो जाव से किं तं जाणय सरीर भविय सरीर वइरित्ते दव्वखंधे ? जाणय सरीर भविय सरीर वइरित्ते दव्वखंधे तिविहे पण्णत्ते तंजहा—

अर्थ

अहो भगवन् ! स्कंध किसे कहते हैं ? अहो शिष्य ! स्कंध के चार प्रकार कहे हैं. तद्यथा—१ नाम स्कंध, २ स्थापना स्कंध, ३ द्रव्य स्कंध, और ४ भाव स्कंध ॥ १ ॥ इन चारों में नाम स्कंध व स्थापना स्कंध का कथन पूर्वोक्त आवश्यक के कथन जैसे कहना ॥ २ ॥ अहो भगवन् ! द्रव्य स्कंध किसे कहते हैं ? अहो शिष्य ! द्रव्य स्कंध के दो भेद कहे हैं. तद्यथा—आगम से व नो आगम से ॥ ३ ॥ अहो भगवन् ! आगम से द्रव्य स्कंध किसे कहते हैं ? अहो शिष्य ! आगम से द्रव्य स्कंध उसे कहते हैं कि जो "स्कंध" ऐसा पद पढा. हृदय में स्थित किया यावत् सब द्रव्य आवश्यक जैसे कथन करना. विशेष यहां सब स्थान स्कंध लेना. यावत् अहो भगवन् ! ज्ञ शरीर भव्य शरीर व्यतिरिक्त द्रव्य स्कंध किसे कहते हैं ? अहो शिष्य ! ज्ञ शरीर भव्य शरीर व्यतिरिक्त द्रव्य स्कंध के तीन भेद कहे हैं.

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



सूत्र

साचिते अचिते मीसए ॥ ४॥ से किं तं सचित्ते दव्वखंधे? सचित्ते दव्वखंधे-अणेगविहे पण्णत्ते तंजहा—हयखंधे, गयखंधे, नरखंधे, किन्नरखंधे, किंपुरिसखंधे, महोरग खंधे, गंधव्वखंधे, उसभखंधे, से तं सचिते दव्वखंधे ॥ ५ ॥ से किं तं अचित्ते दव्वखंधे ? अचित्ते दव्वखंधे अणेगविहे पण्णत्ते तंजहा—दुपएसिए तिपएसिए जाव दसपएसिए संखिज्जपएसिए असंखिज्जपएसिए अणंतपएसिए, से तं अचित्ते दव्वखंधे ॥ ६ ॥ से किं तं मीसए दव्वखंधे ? मीसए दव्वखंधे अणेगविहे पण्णत्ते तंजहा-

अर्थ

सचित्त, अचित्त व मीश्र ॥ ४ ॥ अहो भगवन् ! अचित्त स्कंध किसे कहते हैं ? अहो गौतम ! सचित्त स्कंध के अनेक भेद कहे हैं. तद्यथा—अश्व का स्कंध, गज का स्कंध, मनुष्य का स्कंध, किन्नर का स्कंध, किंपुरुष का स्कंध, महोरग का स्कंध, गंधर्व का स्कंध, व वृषभ का स्कंध इत्यादि स्कंध को सचित्त द्रव्य स्कंध कहना ॥ ५ ॥ अहो भगवन् ! अचित्त द्रव्य स्कंध किसे कहते हैं ? अहो शिष्य ! अचित्त द्रव्य स्कंध के अनेक भेद कहे हैं. तद्यथा—द्विप्रदेशिक त्रि प्रदेशिक यावत् दश प्रदेशिक स्कंध, संख्यात प्रदेशिक, असंख्यात प्रदेशीक व अनंत प्रदेशिक स्कंध. यह अचित्त द्रव्य स्कंध हुवा ॥ ६ ॥ अहो भगवन् ! मीश्र द्रव्य स्कंध किसे कहते हैं ? अहो गौतम ! मीश्र द्रव्य स्कंध अनेक प्रकार से

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir







सूत्र

सेणाए अग्गिमे खंधे, सेणाए मज्झिमे खंधे, सेणाए पच्छिमे खंधे, से तं मीसए दव्वखंधे ॥ ७ ॥ अहवा-जाणय सरीर भविय सरीर वइरित्ते दव्वखंधे तिविहे पण्णत्ते तंजहा—कसिणखंधे, अकसिणखंधे अणेग दवियखंधे ॥ ८ ॥ से किं तं कसिणखंधे? कसिण खंधे सो चेव हयखंधे गयखंधे जाव उसभखंधे से तं कसिण खंधे ॥ से किं तं अकसिणखंधे ? अकसिणखंधे सोचेव दुपएसिया खंधे जाव अणंतपएसिए खंधे सेतं अकसिण खंधे॥ से किं तं अणेग दवियखंधे? अणेगदविय खंधे तस्सचेव देसे

अर्थ

कहा है. हस्ती अश्व शस्त्रादि संयुक्त सेना का अग्रिम स्कंध, सेना का मध्य स्कंध और सेना का पीछे का स्कंध. यह मीश्र द्रव्य स्कंध हुवा ॥ ७ ॥ अथवा ज्ञ शरीर भव्य शरीर व्यतिरिक्त द्रव्य स्कंध के तीन भेद कहे हैं जिन के नाम—१ कृत्स्न ( प्रतिपूर्ण ) द्रव्य स्कंध, २ अकृत्स्न अप्रतिपूर्ण द्रव्य स्कंध, और ३ अनेक द्रव्यवाला स्कंध ॥ ८ ॥ अहो भगवन् ! कृत्स्न द्रव्य स्कंध किसे कहते हैं ? अहो शिष्य ! पूर्वोक्त अश्व स्कंध गज स्कंध वगैरह कृत्स्न स्कंध है. द्विप्रदेशिक त्रिप्रदेशिक यावत् अनंत प्रदेशिक वगैरह अकृत्स्न द्रव्य स्कंध है. और अहो भगवन् ! अनेक द्रव्य स्कंध किसे कहते हैं ? अहो शिष्य ! सचित्त मनुष्य पशु आदि के शरीर का नख वगैरह जीव के प्रदेश रहित होवे तथा जीव प्रदेश सहित होवे उसे

For Private and Personal Use Only

**सूत्र**

अशचिए तस्स चेव देसे उवचिए, से तं अणेगदव्विय खंधे. से तं जाणय सरीर भविय सरीर वइरित्ते दव्वेखंधे, से तं नो आगमओ दव्वखंधे. से तं दव्व खंधे॥९॥ से किं तं भावखंधे ? भाव खंधे दुविहे पण्णत्ते तंजहा—आगमओय, नो आगमओय ॥ १० ॥ से किं तं आगमओ भावखंधे ? आगमओ भावखंधे जाणए उवउत्ते, से तं आगमओ भावखंधे ॥ से किं तं नो आगमओ भावखंधे ? नो आगमओ भावखंधे एएसिं चेव सामाइय माइयाणं छण्हं अज्झयणाणं समुदय समिइ

**अर्थ**

अनेक द्रव्य स्कंध कहते हैं, यह ज्ञ शरीर भव्य शरीर व्यतिरिक्त द्रव्य स्कंध हुवा. यह नो आगम से द्रव्य स्कंध हुवा. यह द्रव्य स्कंध का कथन पूरा हुवा ॥ ९ ॥ अहो भगवन् ! भाव स्कंध किसे कहते हैं ? अहो गौतम ! भाव स्कंध के दो भेद कहे हैं. तद्यथा—१ आगम से और २ नो आगम से ॥ १० ॥ अहो भगवन् ! आगम से भाव स्कंध किसे कहते हैं ? अहो शिष्य ! उपयोग पूर्वक स्कंध का अर्थ परमार्थ को जाने सो. यह आगम से भाव स्कंध हुवा. अहो भगवन् ! नो आगम से भाव स्कंध किसे कहते हैं ! अहो शिष्य ! सामायिकादि छ ही अध्ययन एकत्रित करने से सूत्र का जो स्कंध होता है वह नो आगम से भाव स्कंध है. यह भाव स्कंध का अधिकार हुवा. यह स्कंध पर चारों निक्षेप हुए ॥ ११ ॥ अब

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

For Private and Personal Use Only

सूत्र

समागमेणं निपिण्णे आवस्सयसुय खंधे भावखंधेत्ति लब्भइ, से तं नो आगमओ भावखंधे, से तं भावखंधे ॥ ११ ॥ तस्सणं इमे एगट्ठिया णाणा घोसा, णाणा वंजणा, नामधेज्जा भवंति, तंजहा—(गाहा) गणकाए निकाएचिए, खंधे, वग्गे, तहेव रासीय॥ पुंजय पिंडे निगरे, संघाए आउल समूहे ॥१॥ से तं खंधे ॥ * ॥ आवस्सगस्सणं इमे अत्थाहिगारा भवंति, तजहा—(गाहा) सावज्जजोगविरई उक्कित्तण गुणवओय पडिवत्ती,॥ खलिच- स्स निंदणा, वणतिगिच्छ गुण धारणा चेव ॥ १ ॥ आवस्सयस्सणं एसो पिंडत्थो

अर्थ

स्कंध के बारह नाम कहते हैं—यह भाव स्कंध एकार्थ वाची, अनेक घोष, अनेक व्यंजनवाला है. इस के नाम—१ गण—बहुतों का मीलना, २ काय—षट्काय समान, ३ निकाय—शरीर तुल्य, ४ स्कंध- वृक्ष के स्कंध जैसा, ५ वर्ग—गौवर्ग समान, ६ राशि—ढग समान, ७ पुंज—धान्यादि के पुंज समान, ८ पिंड— मृत्तिका के पिण्ड समान, ९ निकर—उपाचित हुवा, १० संघात—संघातन, ११ आकुल—कुल के समान और १२ समुह. यह स्कंध का तीसरा अधिकार हुवा ॥ ३ ॥ * ॥ अब इन आवश्यक श्रुत, व स्कंध इन तीनों के चार २ निक्षेप करके चौथा आवश्यक के अध्ययन का कथन करते हैं. आवश्यक के निम्नोक्त अर्थाधिकार होते हैं. जैसे कि सावद्य योग की विरति रूप प्रथम अध्ययन, २ गुण कीर्तन रूप

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir







सूत्र

वण्णिओ समासेणं ॥ एत्तो एकेक्कं पुण अज्झयणं कित्तइस्सामि ॥ १ ॥ तंजहा– सामाइयं, चउवीसत्थओ, वंदणयं, पडिक्कमणं, काउस्सग्गो, पच्चक्खाणं ॥ १ ॥ तत्थ पढमं अज्झयणं सामाइयं तस्सणं इमे चत्तारि अणुओगदारा भवंति तंजहा–

अर्थ

द्वितीय अध्याय, ३ गुणयुक्त को वंदना रूप तृतीय अध्याय, ४ अतिचारों की निवृत्ति रूप चतुर्थ अध्याय ५ दोष रूप व्रण की औषधि रूप पंचम अध्याय और ६ उत्तर गुण की धारणा रूप षष्ठ अध्याय. यह छ आवश्यक रूप छ अध्ययन जानना. यह आवश्यक के स्कंध का संक्षेप से अर्थ वर्णन किया परंतु स्कंध के एकेक अध्ययन का विस्तार पुर्वक व्याख्या करूंगा. जैसे—१ सामायिक-समता रूप लाभ. २ चतुर्विंशस्तव—चउवीस तीर्थंकर के गुणानुवाद. ३ वंदना–गुणाधिक की वंदना करना, ४ प्रतिक्रमण–अतिचार रूप पाप से निवर्तना, ५ कायोत्सर्ग—पाप की विशुद्धि के लिये काया को उत्सर्ग सन्मुख रखना और ६ प्रत्याख्यान–अनागत काल में पाप के आगमन का द्वार रोकना. यह आवश्यक के छ अध्ययन के नाम अर्थाचिन जानना ॥ १ ॥ अहो शिष्य ! उक्त छ अध्ययन में से प्रथम अध्ययन का नाम सामायिक है उस के यह चार अनुयोग द्वार होते हैं. जैसे—१ उपक्रम-दूर की वस्तु को नजीक करने का उद्यम करना, २ निक्षेप–फिर उसे दृढता पूर्वक करना, ३ अनुगम व्याख्या करना और ४ नय—अनेक धर्ममय वस्तु को मुख्यता में एक ही धर्ममय मानना. इस का विस्तार पूर्वक कथन आगे कहते हैं. जिस

For Private and Personal Use Only

सूत्र

उवक्कमे, निक्खेवे, अणुगमे, नए ॥ २ ॥ से किं तं उवक्कमे ? उवक्कमे छव्विहे पण्णत्ते तंजहा-णामोवक्कमे, ठवणोवक्कमे, दव्वोवक्कमे, खेत्तोवक्कमे, कालोवक्कमे, भावोवक्कमे ॥ णाम ठवणाओ गयाओ ॥ ३ ॥ से किं तं दव्वोवक्कमे ? दव्वोवक्कमे दुविहे पण्णत्ते तंजहा—आगमओय, नो आगमोओय जाव जाणग सरीर भविय सरीर वइरित्ते, दव्वोवक्कमे तिविहे पण्णत्ते तंजहा—सचित्ते अचित्ते मीसए ॥ ४ ॥ से किं तं सचित्ते दव्वोवक्कमे ? सचित्ते दव्वोवक्कमे तिविहे पण्णत्ते तंजहा—

अर्थ

प्रकार किसी वस्तु की प्राप्ति के लिये नगर में द्वारों से प्रवेश कर सकते हैं वैसे ही आवश्यक रूप नगर में प्रवेश करने के लिये अनुयोग—अध्ययनादि की व्याख्या रूप मुख्य चार द्वारों का कथन वैसे ही प्रत्येक के उत्तर द्वारों का कथन कहते हैं ॥ २ ॥ अब प्रथम उपक्रम का अधिकार कहते हैं. अहो भगवन् ! उपक्रम किसे कहते हैं ? अहो शिष्य ! उपक्रम के छ भेद कहे हैं जिन के नाम—१ नाम उपक्रम २ स्थापना उपक्रम, ३ द्रव्य उपक्रम, ४ क्षेत्र उपक्रम, ५ काल उपक्रम और ६ भाव उपक्रम. इन में नाम व स्थापना उपक्रम का कथन पूर्वोक्त नाम व स्थापना आवश्यक जैसे कहना ॥ ३ ॥ अहो भगवन् ! द्रव्य उपक्रम किसे कहते हैं ? अहो शिष्य ! द्रव्य उपक्रम के दो भेद हैं—१ आगम से और २ नो आगम से यावत् ज्ञ शरीर भव्य शरीर व्यतिरिक्त द्रव्य उपक्रम के तीन भेद कहे हैं—१ सचित्त, २ अचित्त और ३ मीश्र ॥ ४ ॥ अहो भगवन् ! सचित्त द्रव्य उपक्रम किसे कहते हैं ?

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



सूत्र

दुप्पए, चउप्पए, अप्पए, एक्किके पुण दुविहे पण्णत्ते तंजहा—परिक्कमेय वत्थुविणासेय॥ ५॥ से किं तं दुप्पए उवक्कमे? दुपए उवक्कमे-दुप्पयाणं, नडाणं, नट्टाणं जल्लाणं मल्लाणं, मुट्ठियाणं वेलंबगाणं, कहगाणं, पवगाणं, लासगाणं, आइक्खगाणं, लंखाणं, मंखाणं, तूणइल्लाणं, तुंबवीणियाणं, कावोयाणं, मागहाणं, से तं दुप्पए उवक्कमे ॥ ६ ॥ से किं तं चउप्पए

अर्थ

अहो शिष्य ! सचित्त द्रव्य उपक्रम के तीन भेद कहे हैं. तद्यथा—१ द्विपद, २ चतुष्पद और ३ अपद. इन में एकेक के दो २ भेद कहे हैं तद्यथा—१ परिक्रम और २ वस्तु विनाशक * ॥ ५ ॥ अहो भगवन् ! द्विपद उपक्रम किसे कहते हैं ? अहो शिष्य ! नृत्य करनेवाले, नाटक करनेवाले, रस्सीपर खेलनेवाले, मल्लयुद्ध करनेवाले, मुष्टियुद्ध करनेवाले, वेष बनानेवाले, ऐतिहासिकादि कथा करनेवाले, पवाडा गानेवाले, विरुदावाली बोलनेवाले, ज्योतिष निमित्त प्रकाशनेवाले, वंशाग्र खेलनेवाले, काष्ट पर या वस्त्र पर चित्र लेखन कर बतानेवाले, वीणा बजानेवाले, तुम्बादिक की वीणा बजानेवाले, कावड धारन करनेवाले, मागधिक-जय २ शब्द बोलनेवाले, ये उपक्रम से अनेक काल का अभ्यास कर वस्तु उत्पन्न करते हैं उसे उपक्रम कहना और बिनाश करते होवे उसे वस्तु विनाशक कहना. यह द्विपद उपक्रम के भेद हुए.

---

* दीर्घ काल में जो कार्य सिद्ध होने का होवे वह स्थापनादि प्रयोग से थोडे काल में सिद्ध करे यह परिक्रम. ऐसे ही दीर्घ काल में वस्तु का विनाश होने का होवे उस का शस्त्रादि प्रयोग से अल्प काल में विनाश करे वह वस्तु विनाशक.

सूत्र

उवक्कमे ? चउप्पए उवक्कमे-चउप्पयाणं आसाणं हत्थीणं इच्चाइ से तं चउप्पए उवक्कमे ॥७॥ से किं तं अप्पए उवक्कमे? अप्पए उवक्क-अप्पयाणं अंबाणं अंबाडगाणं इच्चाइ से तं अप्पएउवक्कमे, से तं सचित्त दव्वोवक्कमे ॥ ८ ॥ से किं तं अचित्त दव्वोवक्कमे ? अचित्त दव्वोवक्कमे-खंडाईणं गुडाईणं मच्छंडीणं, से तं अचित्त दव्वोवक्कमे ॥ ९ ॥ से किं तं मीसए दव्वोवक्कमे ? मीसए दव्वोवक्कमे-सोचेव थालगआयंसगाइमंडिए आसाइ, से तं मीसए दव्वोवक्कमे. ॥ से तं जाणय सरीर

अर्थ

॥ ६ ॥ अहो भगवन् ! चतुष्पद उपक्रम किसे कहते हैं ? अहो शिष्य ! हाथी घोडे इत्यादि उपक्रम से अनेक कला का अभ्यास करे सो उपक्रम और वस्तु का नाश करे वह वस्तु विनाशक ॥ ७ ॥ अहो भगवन् ! अपद उपक्रम किसे कहते हैं ? अहो शिष्य ! आम्र अम्बाडे इत्यादि फल रसादि गुन की वृद्धि करे तथा घटादि घृतादि धारन करे वह उपक्रम और इन से वस्तु का नाश करे सो विनाशक. यह अपद उपक्रम का और सचित्त द्रव्य उपक्रम के भेद हुए ॥ ८ ॥ अहो भगवन् ! अचित्त द्रव्य उपक्रम किसे कहते हैं ? अहो शिष्य ! अचित्त द्रव्य उपक्रम शक्कर, गुड, मीश्री आदि दुग्धादि में मीलाने से मिष्ट गुन वगैरह की वृद्धि करे सो अचित्त द्रव्य उपक्रम और विनाश करे सो वस्तु विनाशक. यह अचित्त द्रव्य उपक्रम का कथन हुवा ॥ ९ ॥ अहो भगवन् ! मीश्र द्रव्य उपक्रम किसे कहते हैं ? अहो शिष्य ! आभूषणों से अलंकृत बने हुए उक्त अश्वादि को उपक्रम या वस्तु विनाश द्वारा शिक्षित बनावे

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir





सूत्र

भविय सरीर वइरित्ते दव्योवक्कमे ॥ से तं नो आगमओ दव्वोवक्कमे ॥ से तं दव्वो-वक्कमे ॥ १० ॥ से किं तं खेत्तोवक्कमे ? खेत्तोवक्कमे-जण्णं हलकुलियाईहिं खेत्ताइं उवक्कमिज्जंति. से तं खेत्तोवक्कमे ॥ ११ ॥ से किं तं कालोवक्कमे ? कालोवक्कमे ! जं णं नालियाईहिं कालस्सोवक्कमणं कीरइ, से तं कालोवक्कमे ॥ १२ ॥ से किं तं भावोवक्कमे ? भावोवक्कमे ! दुविहे पण्णत्ते तंजहा—आगमओय नो आगमोओय, आगमओ जाणए उवउत्ते। नो आगमओ दुविहे पण्णत्ते तंजहा—पसत्थेय अपसत्थेय,

अर्थ

या नाश करे यह वीश्र द्रव्य उपक्रम हुवा. यह ज्ञ शरीर भव्य शरीर व्यतिरिक्त द्रव्य उपक्रम का कथन हुवा. यह नो आगम द्रव्य उपक्रम व द्रव्य उपक्रम का कथन हुवा ॥ १० ॥ अहो भगवन् ! क्षेत्रोपक्रम किसे कहते हैं ? अहो शिष्य ! हल और कुलि करके क्षेत्रादि का उपक्रम वा वस्तु विनाश किया जाता है उसे क्षेत्रोपक्रम कहते हैं ॥ १ ॥ अहो भगवन् ! कालोपक्रम किसे कहते हैं ? अहो शिष्य ! घटिकादि से काल का जो प्रमाण किया जाता है अथवा पांवसे पौरुषी आदि का प्रमाण होता है उसे कालोपक्रम कहते हैं. ॥ १२ ॥ अहो भगवन् ! भावउपक्रम किसे कहते हैं ? अहो शिष्य ! भावउपक्रम के दो भेद कहे हैं तद्यथा—आगम से और नो आगम से. उस में शास्त्रादिक का उपयोग सहित अभ्यास करे सो आगम से भावोपक्रम और नो आगम से भावोपक्रम के दो भेद

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



सूत्र

तत्थ अपसत्थे डोडिणि गणियाय मच्चाईणं, पसत्थे गुरुमाईणं. से तं नो आगमओ

अर्थ

तद्यथा-प्रशस्त और अप्रशस्त. इस में अप्रशस्त उपक्रम से ब्राह्मणी की गणिका की और प्रधान की बुद्धि. इन तीनों की संक्षेप से कथा कहते हैं—१ एक ब्राह्मणीने अपनी तीनों पुत्रियों को पाणिग्रहण कराकर कहा कि तुम अपने पति को किसी प्रकार के अपराध में लाकर उस के पाद प्रहार करना और जो होवे सो सब वृत्तात मुझे कहना. तीनों ने उसही प्रकार किया. उस में एक के पति ने प्रसन्न हो कहा कि मेरे कठिन मस्तक में तेरे पांव से प्रहार करने से तेरे कोमल पांव को इजा हुई होगी सो माफ कर. दुसरी के पति ने उत्तम स्त्री को ऐसा करना योग्य नहीं है यों कहकर क्रोधित होकर शांत होगया. और तीसरी के पति ने उसे घर से बाहिर नीक दी. तीनोंने अपने माता को वीतक वार्ता कही. माताने प्रथप पुत्री से कहा तू निश्चित रहे. तेरा पति तेरी आज्ञा में रहेगा. दूसरी से भी कहा तू भी निश्चित रहे. कदापि तेरा पति कुपित होगा तो शांत हो जायगा. और तीसरी से कहा यदि तू सुख की अभिलाषा करती हो तेरे पति की आज्ञा में सदैव रहना यों पुत्री और उन के पति का अभिप्राय जाना सो ब्राह्मणी की बुद्धि जानना. किसी वेश्याने जगत के प्रतिष्ठित २ पुरुषोंके चित्रों की चित्रशाला बनवाइ. वहां राजपुत्रादि जो आवे वे अपना चित्र देख कर संतुष्ट होवे और वेश्या को संतुष्ट करे. इस वेश्याने अपनी बुद्धि से द्रव्योपार्जन किया सो वेश्या की बुद्धि. ३ एकदा राजा अपने मंत्री सहित अश्व पर आरूढ होकर वन क्रीडा करने गया था. वहां एक स्थान पर घोडेने लघुनीत की जिस से खड्डा पड कर वहां ही मुत्र स्थिर रहा. यह देख राजाने विचार किया कि यहां तलाव होवे सो अच्छा. परंतु


प्रकृति का नाम भी है, क्यों कि प्रकृति से पर ही प्रत्ययो की संयोजना की जाती है. सो जो प्रकृति में आकृति रहे उसे नामिक कहते हैं. द्वितीय नैपातिक जो निपात में वर्णन किये गये हैं उसे नैपातिक कहते हैं. तृतीय आख्यातिक जो अख्यात में शब्दों का विवर्ण किया गया है उसे आख्यातिक कहते हैं, जो नाम उपसर्गों में वर्णन किया गया है उसे औपसर्गिक कहते हैं और जो उपसर्ग और धातु मीलकर बनता है उसे मीश्र कहते हैं. अब इन पांचों के उदाहरण कहते हैं—प्रथम नामिक का उदतुहरण अश्व का देते हैं. अश्व इस प्रकार से एक नाम है इस को प्रकृति रूप स्थापन करके प्रत्ययों की संयोजना करनी चाहिये. जैसे कि अश्वःअश्वौ अश्वाः, अश्वं, अश्वौ अश्वान् यों सातों विभक्तियों के रूप चाहिये. इसी प्रकार पुरुष वृक्ष घट घटादि सर्व नाम प्रकृति रूप होने से उसी को प्रत्यय लगाने से पद बन जाते ह. यह नामिक का कथन हुवा. खिश्चित नैपातिक खलु आदि निपात हैं. इन के अंतर्गत ही अव्यय प्रकरण है क्यों कि जो शब्द तीनों लिंगों सातों विभक्तियों और सर्व बचनों में एक समान रहे उसे शब्द की अव्यय संज्ञा होती है और निपात उस को कहते हैं कि जिस का सूत्रोंद्वारा कुच्छ और रूप सिद्ध होता हो परंतु निपात करके उस का वही रूप रखा जाय वही नैपातिक होता है. अब आख्यातिक पद का कहते हैं. जो पद क्रिया का बोधक है उस को आख्यातिक कहते हैं. जैसे कि धावति यह क्रिया का पद होने से आख्यातिक है. यह भगने की क्रिया बताता है. इन के धावति, धावतः धावंति अन्य पुरुष, धावसि, धावथः धावथ, मध्य पुरुष; और धावामि, धावावः धावामः यह

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir





सूत्र खल्विति नैपातिकं, धावातीत्याख्यातिकं, परित्यौपसर्गिकं संयत इति मिश्रं, से तं पंचनामे ॥ ११० ॥ से किं तं छनामे ? छनामे ! छव्विहे पण्णत्ते तंजहा—उदइए, उवसमिए, खइए खउवसमिए, पारिणामिए, संन्निवाइए ॥ १११ ॥ से किं तं

अर्थ उत्तम पुरुष के रूप होते हैं. अब औपसर्गिक पद का विवर्ण करते हैं जैसे प्र, परा, अप, सम्, अनु, अव, निः, निर्‌दुःदुर्, वि, आङ्, नि, अधि, अपि, अति, सु, उत, अभि, प्रति, परि, उप यह उपसर्ग हैं. और नाना प्रकार के अर्थों से प्रयुक्त होते हैं सो परि आदि उपसर्गों से युक्त जो पद कहे गये हैं वे औपसर्गिक पद हैं. उपसर्ग के संबंध होने में धातुओं के अर्थ का परिवर्तन हो जाता है यथा—आहार, विहार, निहार, संहार, प्रहार इत्यादि प्रयोगों में अर्थ का परिवर्तन होता है इस का विशेष खुलासा व्याकरण से जानना. अब मीश्र पद का कथन कहते हैं—मीश्र उसे कहते हैं, कि जो दो तीन प्रकरणों से मिल कर शब्द बनता है जैसे-सम् उपसर्ग है यमु धातु है और कृदंत प्रत्यय है. सो तीनों के मीलने से संयत शब्द बन गया है. इस लिये इस को मीश्र नाम कहते हैं. यह पांच नाम का स्वरूप पूर्ण हो गया. और इस को पांच नाम कहते हैं ॥ ११० ॥ अहो भगवन् ! छ नाम किसे कहते हैं ? अहो शिष्य ! छ प्रकार से कहे हैं तद्यथा—१ उदयिक, २ औपशमिक, ३ क्षायिक, ४ क्षयोपशमिक ५ पारिणामिक और ६ सन्निपातिक ॥ १११ ॥ अहो भगवन् ! उदयिक किसे कहते हैं ? अहो शिष्य ! उदयिक के

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir







सूत्र

उदइए ? उदइए दुविहे पण्णत्ते तंजहा—उदइएय, उदयनिप्फन्नेय सेकिं तं उदइए? उदइए ! अट्ठण्हं कम्मपगडीणं उदएणं से तं उदइए ॥ से किं तं उदय निप्फन्ने ? उदयनिप्फण्णे दुविहे पण्णत्ते तंजहा—जीवोदय निप्फन्नेय, अजीवोदय निप्फन्नेय ॥ से किं तं जीवोदय निप्फन्नेय ? जीवोदय निप्फन्ने अणेगविहे पण्णत्ते तंजहा—नेरइए, तिरिक्खजोणिए, मणुस्से, देवे, पुढवीकाइए जाव तसकाइए कोहकसाइए जाव लोहकसाइए, इत्थीवेइए पुरिसवेदए णपुंसगवेदए, कण्हलेस्सए जाव

अर्थ

दो भेद—१ उदयिक और २ उदय निष्पन्न. अहो भगवन् ! उदय किसे कहते हैं ? अहो शिष्य! आठ कर्म प्रकृति के उदय को उदय कहते हैं. अहो भगवन् ! उदय निष्पन्न किसे कहते हैं ? अहो शिष्य ! उदय निष्पन्न के दो भेद कहे हैं तद्यथा—जीवोदय निष्पन्न व अजीवोदय निष्पन्न. अहो भगवन् ! जीवोदय निष्पन्न किसे कहते हैं ? अहो शिष्य ! जीवोदय निष्पन्न के अनेक भेद कहे हैं. तद्यथा—नैरयिक, तिर्यंच, मनुष्य, देव, पृथ्वी काया. यावत् त्रस काया. क्रोध कषाय यावत् लोभ कषाय, स्त्री वेद पुरुष वेद, नपुंसक वेद कृष्ण लेशी यावत् शुक्ल लेशी, मिथ्यादृष्टि, अविरति, असंज्ञी, अज्ञानी, आहारी, छद्मस्थ, संयोगी, संसारस्थ, असिद्ध और केवली. यह जीवोदय निष्पन्न हुवा. अहो भगवन् ! अजीवोदय निष्पन्न किसे कहते हैं ? अजीवोदय निष्पन्न के चउदह भेद कहे हैं तद्यथा—१ उदारिक

For Private and Personal Use Only

सूत्र

सुक्कलेसे, मिच्छादिट्ठी, अविरए, असन्नी अण्णाणी, आहारी, छउमत्थे, सयोगी, संसारत्थे, असिद्धे, अकेवली, से तं जीवोदय निप्फन्ने ॥ से किं तं अजीवोदय निप्फन्ने? अजीवोदय निप्फन्ने चउदसविहे पण्णत्ते, तंजहा—ओरालिय सरीरं, ओरालिय सरीर पओग परिणामियं वा दव्वं, वेउव्वियं वा सरीरं, वेउव्विय सरीर पओग परिणामियं वा दव्वं, एवं आहारग सरीरं, तेअगसरीरं, कम्म सरीरंच भाणियव्वं, पओग परिणामिए वण्णे-गंधे-रसे-फासे, से तं अजीवोदय निप्फन्ने ॥ से तं उदयनिप्फन्ने ॥

अर्थ

शरीर २ उदारिक शरीर के प्रयोग में आकर परिणमे पुद्गल, ३ वैक्रेय शरीर, ४ वैक्रेय शरीर में आकर परिणमे पुद्गल, ५ आहारक शरीर, ६ आहारक शरीर में आकर परिणमे पुद्गल, ७ तेजस शरीर ८ तेजस शरीर में आकर परिणमे पुद्गल, ९ कार्माण शरीर १० कार्माण शरीर में आकर परिणमे पुद्गल, ११ वर्ण, १२ गंध, १३ रस और १४ स्पर्श. यह अजीव उदय निष्पन्न हुवा. यह उदय निष्पन्न हुवा. और उदय भाव का कथन हुवा. इस जीवोदय निष्पन्न में ऐसा कहा कि जहां तक चउदहवे गुण स्थान तक जीव है वहां तक कर्मोदय होता है और अजीवोदय निष्पन्न में मुख्यता शरीर के पुद्गलों की होती है. कर्म पुद्गलों का विपाक शरीर पर देखा जाता है. यह उदय नाम हुवा ॥११२॥ अहो भगवन् !

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



सूत्र

से तं उदइए नामे ॥ ११२ ॥ से किं तं उवसमिए ? उवसमिए दुविहे पण्णत्ते तंजहा—उवसमेय, उवसमनिप्फन्नेय ॥ से किं तं उवसमे? उवसमे-मोहणिज्ज कम्मस्स उवसमेणं. से तं उवसमे ॥ से किं तं उवसम निप्फन्ने ? उवसम निप्फन्ने अणेग विहे पण्णत्ते तंजहा—उवसंतकोहे. जाव उवसंत लोहे. उवसंतपेज्जे, उवसंतदोसे, उवसंत दंसण मोहणिज्जं. उवसंत चरित्त मोहणिज्जं, उवसमिया सम्मत्तं लद्धीए, उवसमिया चरित्त लद्धिए, उवसंत कसाए, छउमत्थ वीतरागो ॥ से तं उवसम निप्फन्नं ॥ से तं उवसमिए नामे ॥ ११३ ॥ से किं तं खइए ? खइए दुविहे

अर्थ

उपशम किसे कहते हैं ! अहो शिष्य ! उपशम भाव के दो भेद कहे हैं तद्यथा—उपशम और उपशम निष्पन्न. अहो भगवन् ! उपशम किसे कहते हैं ? अहो शिष्य ! मोहनीय कर्म का उपशम होने से उपशम होवे अहो भगवन् ! उपशम निष्पन्न किसे कहते हैं ! अहो शिष्य ! उपशम निष्पन्न के अनेक भेद कहे हैं तद्यथा—१ क्रोध उपशमावे यावत् ४ लोभ उपशमावे. ५ राग उपशमावे. ६ द्वेष उपशमावे, ७ दर्शन मोहनीय कर्म उपशमावे. ८ चारित्र मोहनीय उपशमावे, ९ उपशम सम्यक्त्व लब्धि. १० उपशम चारित्र लब्धि, ११ उपशम कषाय, १२ छद्मस्थपना और १३ वीतरागपना. यह उपशम निष्पन्न का कथन हुवा. यह उपशम नाम हुवा ॥ ११३ ॥ अहो भगवन् ! क्षायिक किसे कहते हैं ! अहो शिष्य !

सूत्र

पण्णत्ते तंजहा—खइएय, खयनिप्फन्नेय ॥ से किं तं खइए ? खइए अट्ठण्हं कम्म पगडीणं खएणं से तं खइए ॥ से किं तं खयनिप्फन्ने ? खयनिप्फन्ने अणेगविहे पण्णत्ते तंजहा—१ उपण्ण णाणदंसणधरे अरहाजिणे केवली.-खीण आभिणिबोहिय णाणावरणे, खीण सुयणाणावरणे, खीणउहिणाणावरणे, खीण मणपज्जव णाणावरणे, खीण केवल णाणावरणे, अणावरणे, निरावरणे, खीणावरणे, णाणावरणिज्ज कम्म विप्पमुक्के २ केवलदंसी सव्वदंसी, खीणनिद्दे, खीणनिद्दानिद्दे, खीणप्पयले, खीण-प्पयलप्पयले, खीणथीणिगद्धे, खीणचक्खुदंसणावरणे, खीणअचक्खुदंसणावरणे खीणउहीदंसणावरणे, खीणकेवलदंसणावरणे, अणावरणे, निरावरणे खीणावरणे

अर्थ

क्षायिक के दो भेद. तद्यथा—क्षायिक और क्षय निष्पन्न आठों प्रकृतियों का क्षय होवे सो क्षायिक है और क्षय निष्पन्न के अनेक भेद कहे हैं तद्यथा—१ उत्पन्न केवल ज्ञान केवल दर्शन के धारक, इन्द्रादिक के पूज्यनीय, राग द्वेष जीतनेवाले केवली भगवान कि जिन को मति ज्ञानावरणीय, श्रुत ज्ञानावरणीय, अवधि ज्ञानावरणीय, मनः पर्यव ज्ञानावरणीय व केवल ज्ञानावणीय, क्षय हुवे हैं, जो आवरण रहित निरावरणीय व ज्ञानावरणीय कर्म से जो मुक्त हैं और २ केवल दर्शी, सर्व दर्शी, निद्रा, निद्रानिद्रा, प्रचला, प्रचलाप्रचला, सयनगृद्धि निद्रा, चक्षु दर्शनावरण, अचक्षु दर्शनावरण, अवधि दर्शनावरण, व

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



सूत्र

दंसणावरणिज्ज कम्मविप्पमुक्के, ३ खीणसायावेयणिज्जे, खीणअसायावेयणिज्जे, अवेयणे निवेयणे, खीणवेयणे, सुभासुभवेयणिज्ज विप्पमुक्के, ४ खीण कोहे जाव खीण लोहे, खीणपेज्जे, खीणदोसे, खीणदंसण मोहणिज्जे, खीणचारित्त मोहणिज्जे, अमोहे णिमोहे खीणमोहे मोहणिज्ज कम्म विप्पमुक्के, ५ खीणनेरइय आउए, खीण तिरिक्ख जोणियाउए, खीणमणुस्साउए, खीणदेवाउए, अणाउए निराउए खीणाउए आउकम्म विप्पमुक्के, ६ गतिजाति सरीर अंगोवंग बंधण संठाण संघयण अणेग बोंदीबंध संघायविप्पमुक्के, खीणसुभनामे खीण असुभनामे अणामे, निण्णामे खीणनामे, सुभासुभणामकम्म विप्पमुक्के, ७ खीण उच्चागोए खीणणीयागोए, अगोए निगोए

अर्थ

केवल दर्शनावरण के क्षय करनेवाले, आवरण रहित निरावरणीय व दर्शनावरणीय से रहित होते हैं— साता वेदनीय, असाता वेदनीय के क्षय करनेवाले, वेदना रहित निर्वेदनीय व शुभाशुभ वेदनीय कर्म क्षय करनेवाले होते हैं ४ क्षीण क्रोध यावत् लोभ, राग, व द्वेष वाले दर्शन मोहनीय व चारित्र मोहनीय के क्षय करनेवाले मोह रहित क्षीण मोह वाले व मोहनीय कर्म से रहित होते हैं ५ नरक तिर्यंच मनुष्य व देव का आयुष्य के क्षय करने वाले, आयुष्य रहित व आयुष्य कर्म के क्षय करनेवाले होते हैं ६ गति, जाति, शरीर, अंगोपांग, बंधन, संस्थान, संघयण, संघात से रहित शुभ नाम व अशुभ नाम क्षय करनेवाले, नाम कर्म रहित व शुभाशुभ नाम

For Private and Personal Use Only

सूत्र

खीणगोए, उच्च नीय गोत्तकम्म विप्पमुक्के, खीणदाणांतराए, खीणलाभांतराए, खीण भोगांतराए, खीणउवभोगांतराए, खीणवीरिय अंतराए, अणंतराए णिरंतराए, खीणंतराए, अंतराय कम्मविप्पमुक्के, सिद्धे बुद्धे मुत्ते परिणिव्वुए अंतगडे, सव्व दुक्खप्पहीणे, से तं खयानिप्फन्ने, से तं खइयनामे ॥११४॥ से किं तं खउवसमिए ? खउवसमिए दुविहे पण्णत्ते तंजहा—खउवसमेय, खउवसम निप्फन्नेय ॥ से किं तं खउवसमे ? खउवसमे चउण्हं घाइकम्माणं खउवसमेणं तंजहा—णाणावरणिज्जस्स, दंसणावरणिज्जस्स, मोहणिज्जस्स, अंतराइयस्स खउवसमेणं, से तं खउवसमे ॥ से किं

अर्थ

कर्म रहित होते हैं. ७ उच्च गोत्र, नीच गोत्र, का क्षय करनेवाले, गोत्र रहित अगोत्रीय व ऊंच नीच गोत्र रहित होते हैं. ८ दानांतराय, लाभांतराय, भोगांतराय, उपभोगांतराय व वीर्यांतराय के क्षय करनेवाले, सिद्ध, बुद्ध, मुक्त अंतकृत व सब दुःख से रहित होते हैं. यह क्षायिक के भेद हुवे ॥ ११४ ॥ अहो भगवन् ! क्षयोपशमिक किसे कहते हैं ? अहो शिष्य ! क्षयोपशमिक के दो भेद कहे हैं तद्यथा—क्षयोपशम व क्षयोपशम निष्पन्न. इस में से क्षयोपशम ज्ञानावरणीय, दर्शनावरणीय, मोहनीय व अंतराय का क्षयोपशम से होता है इन चारों घनघातिक कर्म की प्रकृतियों में से जो २ विपाकोदय में आई हैं

सूत्र

तं खउवसम निष्फन्ने ? खउवसम निष्फन्ने अनेगविहे पण्णत्ते तंजहा–खउवसमिया अभिणिबोहिय णाणलद्धी, जाव खउवसमिया मणपज्जवणाणलद्धी खउवसमिया मति अण्णाणलद्धी, खउवसमिया सुय अण्णाणलद्धी, खउवसमिया विभंगणाणलद्धी खउवसमिया चक्खुदंसणलद्धी, खउवसमिया अचक्खुदंसणलद्धी, खउवसमिया ओहीदंसणलद्धी, एवं सम्मदंसणलद्धी, मिच्छा दंसणलद्धी, सम्मामिच्छादंसणलद्धी, खउवसमिया सामाइय चरित्तलद्धी, एवं छेदोवठाणलद्धी, परिहारविसुद्धिलद्धी, सुहुमसंपरायचारित्तलद्धी, एवं चरित्ताचरित्तलद्धी, खउवसमिया दाणलद्धी, एवं

अर्थ

उन का क्षय करे और जो २ प्रकृतियों प्रदेशोदय में रही है उन का उपशम करे उसे क्षयोपशम भाव कहते हैं. यह क्षयोपशम हुवा. अहो भगवन्! क्षयोपशम निष्पन्न किसे कहते हैं ? अहो शिष्य ! क्षयोपशम निष्पन्न के अनेक भेद कहे हैं तद्यथा–१ मति ज्ञान लब्धि, २ श्रुत ज्ञान लब्धि, ३ अवधि ज्ञान लब्धि, ४ मनःपर्यव ज्ञान लब्धि, ५ मति अज्ञान लब्धि, ६ श्रुत अज्ञान लब्धि, ७ विभंग ज्ञान लब्धि, ८ चक्षु दर्शन लब्धि, ९ अचक्षु दर्शन लब्धि, १० अवधि दर्शन लब्धि, ११ सम्यक्त्व दर्शन लब्धि, १२ मिथ्या दर्शन लब्धि, १३ सम मिथ्या दर्शन लब्धि, १४ सामायिक चारित्र लब्धि, १५ छेदोपस्थापनीय चारित्र लब्धि, १६ परिहार विशुद्ध चारित्र लब्धि, १७ सूक्ष्म संपराय चारित्र

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



सूत्र

लाभ—भोग उवभोग—लद्धी, खउमसमिया वीरियलद्धी, एवं पंडिय वीरियलद्धी, बाल पंडिय विरीयलद्धी, खउवसमिया—सोइंदियलद्धी, जाव खउवसमिया फासिंदिय लद्धी. खउवसमिया आयारधरे, एवं सुयगडधरे, ठाणांगधरे, समवाय, एवं विवाह पण्णत्ती, णायधम्मकहा, उवासगदसा, अंतगडदसा, अणुत्तरोववाइ दसा, पण्हवागरणधरे, खउवसमिआ विवागसुयधरे, खउवसमिए दिट्ठीवायधरे. खउवसमिय णवपुव्वीए जाव खउवसमिए चऊदसपुव्वीए, खउवसमिए गणिवायए, से तं खउवसम निप्फन्ने. से तं खउवसमिए ॥११५॥ से किं तं परिणामिए भावे ? परिणामिए भावे

अर्थ

लब्धि, १८ दान लब्धि, १९ लाभ लब्धि, २० भोग लब्धि, २१ उपभोग लब्धि, २२ वीर्य लब्धि, २३ पंडित वीर्य लब्धि, २४ बाल वीर्य लब्धि, २५ बाल पंडित वीर्य लब्धि, २६ श्रोत्रेन्द्रिय लब्धि, यावत् स्पर्शेन्द्रिय लब्धि, ३१ आचारांग सूत्र धारक, ३२ सूत्र कृतांग सूत्र धारक, ३३ स्थानांग सूत्र धारक, ३४ समवायांग सूत्र धारक, ३५ विवाह प्रज्ञप्ति सूत्र धारक, ३६ ज्ञाता धर्म कथांग धारक, ३७ अंतकृत धारक. ३८ अनुत्तरोपपातिक सूत्र धारक, ३९ प्रश्न व्याकरण सूत्र धारक, ४० विपाक सूत्र धारक, ४१ दृष्टिवाद सूत्र धारक, ४२ नव पूर्व ज्ञान के धारक, यावत् चउदह पूर्व के ज्ञान के धारक, और आचार्य पद के धारक. यह क्षयोपशम निष्पन्न के भेद हुवे ॥ ११५ ॥ अहो भगवन् !

For Private and Personal Use Only

सूत्र

दुविहे पन्नत्ते तंजहा- साइय पारिणामिय, अणादिय पारिणामिय । से किं तं सादि पारिणामिय ! सादि पारिणामिय अणेगविहे पण्णत्ते तंजहा-जुन्नासुरा, जुण्णगुलो, जुण्णघयं, जुण्णतंदुला चेव, अझाया, अब्भरुक्खा, संझा, गंधव्वणगराय, उक्कावाया, दिसा दाहा, गज्जियं, विज्जु, निग्घाया, जुया, जक्खालित्ता, धूमिया, महिया, रउग्घाओ, चंदोवरागा, सूरोवरागा, चंदपरिवेसा, सूरपरिवेसा, पडिचंदा, पडिसूरा इंदधणु, उदगमच्छा, कविहसिया, अमोहा, वासा, वासधरा, गामा, णगरा, घारा, पव्वत्ता, पाताला, भवणा, निरया, पासाओ, रयणप्पहा, सक्करप्पहा, वालुयप्पहा,

अर्थ

पारिणामिक भाव किसे कहते हैं ? अहो शिष्य ! पारिणामिक भाव के दो भेद कहे हैं तद्यथा-सादि पारिणामिक व अनादि पारिणामिक. इस में से सादि पारिणामिक किसे कहते हैं ? अहो शिष्य ! सादि पारिणामिक के अनेक भेद कहे हैं तद्यथा-पुरानी मदिरा, पुराना गड, पुराना घृत, पुराने तंदुल, बद्दल, वृक्षाकार बद्दल, संध्या रंग, गंधर्व नगर, उल्कापात, दिशादाह, गर्जारव, विद्युत्, काष्ट का शब्द, धूत, यक्ष चिन्ह, धूम्र, धूंधर, रजघात, चंद्र ग्रहण, सूर्य ग्रहण, चंद्र कुंडल, सूर्य कुंडल प्रतिचंद्र, प्रतिसूर्य, इन्द्र धनुष्य, उदक मत्स्य, आकाश में कपि का हंसना अमोघ, भरतादि क्षेत्र, क्षेत्र की मर्यादा करने-वाला वर्षधर पर्वत, ग्राम, नगर, घर, पर्वत, पातालकलश, भवन, नरकावास, प्रासाद, रत्नप्रभा, शर्कर

सूत्र

पंकप्पहा, धूमप्पहा, तमा, तमतमा, सोहम्मे जाव अच्चुए, गेवज्जे, अणुत्तरे, इसि, प्पभाग, परमाणुपोग्गले, दुपदेसिए जाव अणंतपदेसिए से तं सादि पारिणामिए ॥ से किं तं अणादि परिणामिए ? अणादि पारिणामिए अणेगविहे पण्णत्ते तंजहा– धम्मत्थिकाए, अधम्मत्थिकाए, आगासत्थिकाए, जीवत्थिकाए, पोग्गलत्थिकाए, अद्धा समए, लोए, अलोए, भवसिद्धियाए, अभवसिद्धियाए, से तं अणादि पारिणामिए ॥ से तं पारिणामिए ॥ ११६ ॥ से किं तं सन्निवाइ नामे ? सन्निवाइए नामे जण्णं एतेसिं चेव उदइए उवसमिए, खइए, खउवसमिए, पारिणामियाणं भावाणं

अर्थ

प्रभा, बालुप्रभा, पंक प्रभा, धूम्र प्रभा, तम प्रभा, तमतमप्रभा, सौधर्म देवलोक यावत् अच्युत देवलोक, ग्रैवेयक, अनुत्तर विमान, इषत्प्राग्भार पृथ्वी, परमाणु पुद्गल, द्विप्रदेशिक स्कंध यावत् अनंत प्रदेशिक स्कंध. यह सादि परिणामिक हैं, अहो भगवन् ! अनादि परिणामिक किसे कहते हैं ? अहो शिष्य ! अनादि परिणामिक के अनेक भेद कहे हैं तद्यथा–१ धर्मास्तिकाया, २ अधर्मास्ति काया, ३ आकाशास्ति काया, अद्धा समय, लोक, अलोक, भव्यसिद्धिकजीव, अभव्यसिद्धिकजीव यह अनादि परिणामिक हुवा, यह परिणामिक भाव का कथन हुवा ॥ ११६ ॥ अहो भगवन् ! सन्निपातिक भाव किसे कहते हैं ? अहो शिष्य ! सन्निपातिक भाव में उदयिक, औपशमिक, क्षायिक, क्षयोपशमिक, इन

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



अनुवादक-बालब्रह्मचारी मुनि श्री अमोलक ऋषिजी

मूल

दुगसंजोगेणं तिगसंजोगेणं चउक्कसंजोगेणं पंचगसंजोगेणं निप्फज्जइ सव्वे से सन्निवाइए नामे ॥ तत्थणं दस दुग संजोगा, दस तियसंजोगा, पंच चउकसंजोगा, एग पंच संजोएणं ॥ तत्थणं जे ते दस दुगसंयोगा तेणं इमे—१ अत्थिनामे उदइए उवसमनिप्फन्ने, २ अत्थिनामे उदइए खयनिप्फन्ने, ३ अत्थिनामे उदइए खउवसमनिप्फन्ने, ४ अत्थिनामे उदईए परिणामिय निप्फन्ने, ५ अत्थिनामे उवसमिए खयनिप्फन्ने, ६ अत्थिनामे उवसमिए खउवसम निप्फन्ने, ७ अत्थिनामे उवसमिए पारिणामिय निप्फन्ने, ८ अत्थिनामे खइए खउवसम निप्फन्ने, ९ अत्थिनामे खईए

अर्थ

पांचों भाव के द्विसंयोगी, तीन संयोगी, चार संयोगी व पांच संयोगी, यों भांगे होते हैं. इस में से द्विसंयोगी १० भांगे, तीन संयोगी, १० भांगे चार संयोगी ५ भांगे और पांच संयोगी एक भांगा यों २६ भांगे होते हैं. इस में से ९ वा भांगा सिद्ध में, १५ वा केवली में १६ वा चारों गति में, २१ वा उपशम श्रेणि में, २४ वा क्षपक श्रेणी में, २६ वा छद्मस्त साधु में, यों ६ भांगे पाते हैं. बाकी के २० भांगे शून्य हैं. अब द्विसंयोगी दस भांगे निम्नोक्त प्रकार से बताते हैं— १ उदय उपशम, २ उदय क्षायिक, ३ उदय क्षयोपशम, ४ उदय पारिणामिक, ५ उपशम क्षायिक, ६ उपशम क्षयोपशमिक, ७ उपशम पारिणामिक, ८ क्षायिक क्षयोपशमिक, ९ क्षायिक पारिणामिक और

प्रकाशक-राजाबहादुर लाला सुखदेवसहायजी ज्वालाप्रसादजी

For Private and Personal Use Only

सूत्र

परिणामिय निप्फन्ने, १० अत्थिनामे खउवसमिए पारिणामिय निप्फन्ने ॥११७॥ १ कयरे से णामे उदइए उवसम निप्फन्ने ? उदइए त्तिमणुस्से उवसंता कसाया एसणं से नामे उदइए उवसम निप्फन्ने २ कयरे से नामे उदईए खइय निप्फन्ने ? उदइत्ति मणुस्से खइयं सम्मत्तं, एसणं से नामे उदईए खयानिप्फन्ने, ३ कयरे से नामे उदइए खउवसम निप्फन्ने ? उदइए त्तिमणुस्से खउवसमियाइं, इंदियाइं, एसणंसे नामे उदइए, खउवसम निप्फन्ने ४ कयरे से णामे



अर्थ

१० क्षयोपशम पारिणामिक. ॥ ११७ ॥ अब इन दशों का विवेचन करते हैं. अहो भगवन् ! जो उदयिक व उपशम निष्पन्न है वह कौनसा नाम है ? अहो शिष्य ! उदय भाव में मनुष्य गति है और उपशम भाव में उपशांत कषाय है. इसलिये यही नाम औदयिक उपशम निष्पन्न कहा जाता है. परंतु यह भंग दिग्र दर्शन मात्र ही है क्यों कि दर्शन मोहनीय कर्म की प्रकृति उपशम भाव में संभव हो सकती है परंतु पारिणामिक भाव इस में नहीं है इसलिये यह भंग केवल दिग दर्शन मात्र ही है इस प्रकार आगे भी जानना. प्रश्न—औदायिक और क्षायिक निष्पन्न नाम कौनसा है ? उत्तर—औदयिक भाव में मनुष्य गति है और क्षायिक निष्पन्न सम्यक्त्व है इसलिये इन से उत्पन्न हुए औदायिक

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir







सूत्र

उदईए, पारिणामिय निप्फन्ने ? उदइए त्ति मणुस्से, परिणामिए जीवे, एसणं से नामे उदइए परिणामिय निप्फन्ने ५ कयरेसे नामे उवसमिए खयनिप्फन्ने ? उवसंताकसाया खइयं सम्मत्तं, एसणं सेनामे उवसमिए खयनिप्फन्ने, ६ कयरे सेनामे उवसमिए खउवसम निप्फन्ने ? उवसंता कसाया, खउवसमियाइं इंदियाइं, एसणं सेनामे उवसमिए, खउवसमनिप्फन्ने. ७ कयरे से नामे उवसमिए, पारिणामिए निप्फन्ने ? उवसंता कसाया, पारिणामिए जीवे, एसणं से नामे उवसमिए, पारिणामिय निप्फन्ने, ८

अर्थ

क्षायिक निष्पन्न नाम होता है. प्रश्न—औदयिक क्षयोपशम निष्पन्न नाम कौनसा है ? उत्तर—औदयिक नाम में मनुष्य गति है और क्षयोपशम भाव में इन्द्रिय है. सो यही औदयिक क्षयोपशमिक नाम हुवा. प्रश्न—औदयिक पारिणामिक निष्पन्न नाम कौनसा है ? उत्तर—औदयिक भाव में मनुष्य गति है और पारिणामिक में जीव है. इसलिये औदयिक और पारिणामिक निष्पन्न नाम कहा गया है. प्रश्न—औदयिक क्षय निष्पन्न नाम कौनसा है ? उत्तर—उपशम कषाय है और क्षायिक सम्यक्त्व है इन्हीं का नाम औपशमिक क्षय निष्पन्न है. प्रश्न—औपशमिक क्षयोपशम निष्पन्न नाम कौनसा है ? उत्तर—उपशम कषाय और क्षयोपशम इन्द्रिय इन्हीं का नाम औपशमिक क्षयोपशम निष्पन्न है, प्रश्न—औप-

For Private and Personal Use Only

सूत्र

कयरे से नामे खइए, खउवसमनिप्फन्ने ? खईयं सम्मत्तं, खउवसमियाइं इंदियाइं, एसणं से नामे खईए, खउवसमनिप्फन्ने. ९ कयरे से नामे खइए, पारिणामिय निप्फन्ने ? खइयं सम्मत्तं, पारिणामिए जीवे, एसणं से नामे खइए पारिणामिए निप्फन्ने, १० कयरे से नामे खओवसए, पारिणामिय निप्फन्ने ? खउवसमियइं इंदियाइं, पारिणामिए जीवे, एसणं से नामे खउवसमिए, पारिणामिय निप्फन्ने ॥११८॥ तत्थणं जे ते दस तिग संजोगा तेणं इमे-१अत्थि नामे उदइए उवसमिए

अर्थ

शमिक पारिणामिक नाम कौनसा है ? उत्तर—उपशम कषाय और पारिणामिक जीव है. इसलिये औपशमिक पारिणामिक रखा गया है. प्रश्न—क्षायिक क्षयोपशम निष्पन्न नाम कौनसा है ? उत्तर—क्षायिक सम्यक्त्व और क्षयोपशम इन्द्रिय है. इसलिये क्षायिक क्षयोपशमिक निष्पन्न नाम कहा गया है. प्रश्न—क्षायिक पारिणामिक निष्पन्न नाम कौनसा हैं ? उत्तर—क्षायिक सम्यक्त्व पारिणामिक जीव है. इसलिये क्षायिक पारिणामिक निष्पन्न नाम कहा गया है. प्रश्न—क्षयोपशमिक पारिणामिक निष्पन्न नाम कौनसा है ? उत्तर—क्षयोपशमिक इन्द्रिय और पारिणामिक जीव है, इसलिये क्षयोपशमिक पारिणामिक नाम कहा गया है. यह द्विसंयोगी दश भांगे का कथन हुवा. ॥ ११८ ॥ अब दश तीन संयोगी भांगे का

सूत्र

खयनिप्फन्ने, २ अत्थि नामे उदइए उवसमिए खउवसमनिप्फन्ने, ३ अत्थि नामे उदइए उवसमिए पारिणामिय निप्फन्ने. ४ अत्थि नामे उदइए खइए खउवसम-निप्फन्ने, ५ अत्थिनामे उदइए खइए पारिणामिय निप्फन्ने, ६ अत्थि नामे उदइए खउवसमिए, पारिणामिय निप्फन्ने, ७ अत्थि नामे उवसमिए खइए, खउवसम-निप्फन्ने, ८ अत्थि नामे उवसमिए खइए पारिणामिय निप्फन्ने, ९ अत्थिनामे उवसमिए खउवसमिए पारिणामिए निप्फन्ने, १० अत्थिनामे खइए खओवसमिए पारि-णामिए निप्फन्ने॥ ११९॥ कयरे से नामे उदइए उवसमिए खयनिप्फन्ने? उदइएत्ति

अर्थ

कथन करते हैं. १ औदयिक औपशमिक व क्षय निष्पन्न, २ औदयिक औपशमिक व क्षयोपशम निष्पन्न, ३ औदयिक औपशमिक व पारिणामिक निष्पन्न, ४ औदयिक क्षायिक व क्षयोपशम निष्पन्न ५ औदयिक क्षायिक व पारिणामिक निष्पन्न, ६ औदयिक क्षयोपशमिक व पारिणामिक निष्पन्न ७ औपशमिक, क्षायिक व क्षयोपशम निष्पन्न. ८ औपशमिक क्षायिक व पारिणामिक निष्पन्न. ९ औप-शमिक क्षयोपशमिक व पारिणामिक निष्पन्न और १० क्षायिक क्षयोपशमिक व पारिणामिक निष्पन्न. ॥ ११९ ॥ अब दश भांगे का खुलासा करते हैं. प्रश्न-औदयिक, औपशमिक व क्षयनिष्पन्न नाम

सूत्र

मणुस्से,उवसंता कसाया खइयं सम्मत्तं एसणं से नामे उदइए उवसमिए खयनिप्फन्ने. २ कयरे से नामे उदइए उवसमिए खउवसम निप्फन्ने ? उदइएत्ति मणुस्से, उवसंता कसाया, खउवसमियाइं इंदियाइं, एसणं से नामे उदइए उवसमिए खउवसम निप्फन्ने. ३ कयरे से नामे उदईए उवसमिए परिणामिय निप्फन्ने ? उदइए त्तिमणुस्से, उवसंता कसाया, परिणामिए जीवे, एसणं से नामे उदइए उवसमिए पारिणामिय निप्फन्ने ४ कयरे से नामे उदइए खइए खउवसमिय निप्फन्ने? उदइए त्तिमणुस्से, खइयं सम्मत्तं, खउवसमियाइं इंदियाइं, एसणं से नामे

अर्थ

कैसे होता है ? उत्तर-उदय में मनुष्य गति, उपशांत कषाय और क्षायिक सम्यक्त्व इसी से औदयिक औपशमिक व क्षय निष्पन्न नाम कहा गया है. २ प्रश्न—औदयिक औपशमिक व क्षयोपशम निष्पन्न नाम कैसे कहा है ? उत्तर—उदय में मनुष्य गति, उपशांत कषाय और क्षयोपशमिक इन्द्रिय हैं. इस से औदयिक औपशमिक व क्षयोपशमिक नाम रखा गया है, ३ औदयिक औपशमिक व पारिणामिक निष्पन्न नाम किसे कहते हैं ? उत्तर—उदय में मनुष्य गति, उपशांत कषाय और परिणाम में जीव है इसलिये औदयिक औपशमिक पारिणामिक नाम रखा गया है. ४ प्रश्न-औदयिक क्षायिक व क्षयोपशम निष्पन्न कैसे कहा गया है ? उत्तर—उदय मनुष्य गति क्षायिक सम्यक्त्व व क्षयोशम इंद्रिय हैं; इसी से

सूत्र

उदईए खईए खउवसम निप्फन्ने, ५ कयरे से नामे उदईए खइए पारिणामिय निप्फन्ने ? उदईएत्ति मणुस्से. खइयं सम्मत्तं, पारिणामिए जीवे, एसणं से नामे उदईए खईए पारिणामिय निप्फन्ने ६ कयरे से नामे उदईए, खउवसमिए पारिणामिय निप्फन्ने ? उदइएत्ति मणुस्से, खउवसमियाइं इंदियाइं, पारिणामिए जीवे एसणं से नामे उदइए, खउवसमिए पारिणामिय निप्फन्ने, ७ कयरे से नामे उवसमिए खइए खउवसम निप्फन्ने उवसंता कसाया, खइयं सम्मत्तं खउवसमियाइं इंदियाइं एसणं सेनामे उवसमिए खइए खउवसम निप्फन्ने. ८ कयरे सेनामे

अर्थ

इन का नाम औदयिक क्षायिक व क्षयोपशमिक रखा गया है, ५ प्रश्न—औदयिक क्षायिक व पारिणामिक निष्पन्न नाम कैसे होता है ? उत्तर—उदय मनुष्य गति, क्षायिक सम्यक्त्व और पारिणामिक जीव है. इस लिये औदयिक क्षायिक व पारिणामिक निष्पन्न नाम कहा गया है. ६ प्रश्न—औदयिक क्षयोपशमिक पारिणामिक निष्पन्न नाम कौनसा है ? उत्तर—उदय मनुष्य गति, क्षयोपशम इन्द्रिय और पारिणामिक जीव है; इस लिये उदय क्षयोपशम पारिणामिक निष्पन्न नाम कहा गया है. ७ प्रश्न—औपशमिक क्षायिक क्षयोपशम निष्पन्न नाम कैसे कहा? उत्तर—उपशांत कषाय, क्षायिक सम्यक्त्व और क्षयोपशम इन्द्रिय है, इस लिये औपशमिक क्षायिक क्षयोपशम निष्पन्न नाम कहा है. ८ प्रश्न—औपशमिक क्षायिक व पारि-

सूत्र

उवसमिए खईए पारिणामिय निप्फन्ने ? उवसंता कसाया खईए सम्मत्तं पारिणामिए जीवे, एसणं से नामे उवसमिए, खईए पारिणामिय निप्फन्ने, ९ कयरे से नामे उवसमिए खउवसमिए पारिणामिय निप्फन्ने ? उवसंता कसाया, खउवसमियाइं इंदियाइं, पारिणामिए जीवे. एसणं से नामे उवसमिए खउवसमिए पारिणामिय निप्फन्ने, १० कयरे से नामे खईए खउवसमिए पारिणामिय निप्फन्ने ? खइयं सम्मत्तं, खउवसमियाइं इंदियाइं, पारिणामिए जीवे. एसणं से नामे खईए खउवसम पारिणामिय निप्फन्ने ॥ १२० ॥ तत्थणं जे ते पंच चउक संजोगा

अर्थ

णामिक निष्पन्न नाम किसे कहते हैं ? उत्तर—उपशांत कषाय, क्षायिक सम्यक्त्व और पारिणामिक जीव हैं, इस लिये औपशमिक क्षायिक व पारिणामिक निष्पन्न नाम कहा. ९ प्रश्न—औपशमिक क्षयोपशमिक व पारिणामिक निष्पन्न नाम किसे कहते हैं ? उत्तर—उपशांत कषाय, क्षयोपशम इन्द्रिय व पारिणामिक जीव है. इस लिये औपशमिक क्षयोपशमिक पारिणामिक निष्पन्न नाम कहा गया है. प्रश्न-क्षायिक क्षयोपशमिक पारिणामिक निष्पन्न नाम किसे कहते हैं ? उत्तर-क्षायिक सम्यक्त्व, क्षयोपशम इन्द्रिय लब्धि, पारिणामिक जीव हैं, इस से क्षायिक क्षयोपशमिक व पारिणामिक निष्पन्न नाम कहा गया है ॥ १२० ॥ अब चार

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir







सूत्र

तेणं इमे-१ अत्थि नामे उदईए. उवसमिए खईए, खउवसमिए निप्फन्ने, २ अत्थिनामे उदइए, उवसमिए, खईए, पारिणामिय निप्फन्ने. ३ अत्थि नामे उदईए उवसमिए खउवसमिए पारिणामिय निप्फन्ने. ४ अत्थि णामे उदईए खइए खउवसमिए पारिणामिय निप्फन्ने, ५ अत्थि नामे उवसमिए खईए खउवसमिए पारिणामिय निप्फन्ने॥१२१॥ १ कयरे से नामे उदईए उवसमिए खईए खउवसम निप्फन्ने? उदइएत्ति मणुस्से, उवसंता कसाया, खइयं सम्मत्तं, खउवसमियाइं इंदियाइं, एसणं से नामे उदईए उवसमिए खईए खउवसमनिप्फन्ने. २ कयरे नामे से उदईए उवसमिए खईए

अर्थ

संयोगी पांच भांगे बताते हैं—१ औदयिक औपशमिक क्षायिक व क्षयोपशमिक, २ औदयिक औपशमिक क्षायिक व पारिणामिक, ३ औदयिक औपशमिक क्षयोपशमिक व पारिणामिक, ४ औदयिक क्षायिक क्षयोपशमिक व पारिणामिक निष्पन्न. यों पांच भांगे हुवे ॥ १२१ ॥ प्रश्न—औदयिक औपशमिक क्षायिक व क्षयोपशमिक नाम निष्पन्न कैसे कहा? उत्तर—उदय में मनुष्य गति, उपशांत कषाय, क्षायिक सम्यक्त्व व क्षयोपशम इन्द्रिय लब्धि है इस से औदयिक औपशमिक क्षायिक व क्षयोपशम निष्पन्न नाम कहा. २ प्रश्न—औदयिक औपशमिक क्षायिक व पारिणामिक निष्पन्न नाम कैसे कहा? उत्तर—उदय में

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



मूल

पारिणामिए निप्फन्ने ? उदईएत्ति मणुस्से, उवसंता कसाया, खइयं सम्मत्तं, पारिणामिए जीवे. एसणं से नामे उदईए खउवसमिए, खईए पारिणामिय निप्फन्ने ३ कयरे से नामे उदईए उवसमिए खउवसमिए पारिणामिय निप्फन्ने? उदईएत्ति मणुस्से. उवसंता कसाया खउवसमियाइं इंदियाइं, पारिणामिए जीवे, एसणं से नामे उदईए उवसमिए खउवसमिए पारिणामिया निप्फन्ने. ४ कयरे से नामे उदईए खईए खउवसमिए पारिणामिय निप्फन्ने ? उदईएत्ति मणुस्से, खइयं सम्मत्तं, खउवसमियाइं इंदियाइं, पारिणामिए जीवे एसणं से नामे उदईए खईए खउवसमिए पारिणामिय निप्फन्ने ५ कयरे से

अर्थ

मनुष्य गति, उपशांत कषाय, क्षायिक सम्यक्त्व व पारिणामिक जीव है इस लिये औदयिक औपशमिक क्षायिक व पारिणामिक नाम कहा है. ३ प्रश्न—औदयिक औपशमिक क्षयोपशमिक व पारिणामिक नाम कैसे कहा ? उत्तर—उदय में मनुष्य गति, उपशांत कषाय, क्षयोपशम में इन्द्रिय लब्धि और पारिणामिक जीव हैं. इस लिये औदयिक औपशमिक क्षयोपशमिक व पारिणामिक निष्पन्न नाम है. ४ प्रश्न—औदयिक क्षायिक क्षयोपशमिक व पारिणामिक नाम कैसे कहा ? उत्तर—औदयिक में मनुष्य गति, क्षायिक सम्यक्त्व, क्षयोपशम इन्द्रिय लब्धि और पारिणामिक जीव है. इस लिये औदयिक औपशमिक क्षायिक

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



सूत्र

नामे उवसमिए खईए खउवसमे पारिणामिय निप्फन्ने ? उवसंता कसाया, खइयं सम्मत्तं खउवसमियाइं इंदियाइं, पारिणामिए जीवे एसणं से नामे उवसमिए खईए खउवसामिए पारिणामिय निप्फन्ने ॥ १२२ ॥ तत्थणं जे ते से एगे पंच संजोगं सेणं इमे—१ अत्थिणामे उदईए उवसमिए खईए खउवसमिए पारिणामिय निप्फन्ने ॥ कयरे से नामे उदईए उवसमिए खईए खउवसामिए पारिणामिए निप्फन्ने ? उदइएत्ति मणुस्से, उवसंता कसाया खइयं सम्मत्तं, खउवसमियाइं इंदियाइं; पारिणामिए जीवे, एसणं से नामे उदईए, उवसमिए खईए खउवसमिए पारिणामिए

अर्थ

व पारिणामिक निष्पन्न नाम कहा गया है. ५ प्रश्न—औपशमिक क्षायिक, क्षयोपशमिक व पारिणामिक निष्पन्न नाम कैसे कहा ? उत्तर–उपशांत कषाय, क्षायिक सम्यक्त्व, क्षयोपशम इन्द्रिय की लब्धि व पारिणामिक जीव है इस लिये औपशमिक क्षायिक क्षयोपशमिक व पारिणामिक नाम कहा ॥ १२२ ॥ अब पांच सयोगी भांगा एक बताते हैं—औदयिक औपशमिक क्षायिक क्षयोपशमिक व पारिणामिक निष्पन्न है. प्रश्न—ऐसा नाम क्यों कहा ? उत्तर–उदय में मनुष्य गति, उपशांत कषाय, क्षायिक सम्यक्त्व, क्षयोपशम इन्द्रिय लब्धि और पारिणामिक जीव है. इस लिये औदयिक औपशमिक क्षायिक क्षयो-

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



सूत्र

निप्फन्ने, से तं सन्निवाइए ॥ से तं छ नामे ॥ १२३ ॥ से किं तं सत्त नामे ? सत्त नामे सत्त सरा पण्णत्ता तंजहा–१ ( गाहा ) सज्जे, २ रिसहे, ३ गंधारे, ४ मज्झिमे, ५ पंचमे सरे ॥ ६ धेवए चेव ७ निसाए सरा सत्त वियाहिया ॥ १ ॥ एएसिणं सत्तण्हं सराणं सत्त सरठाणा पण्णत्ता तंजहा–( गाहा ) सज्जंच अग्ग जीहाए, उरेण रिसहं सरं ॥ कंठोग्गएणं गंधारं, मज्झ जीहाए मज्झिमं ॥ २ ॥ नासाए पंचमंबूया, दंतोट्ठेणे य धेवतं॥भमुहक्खेवणेणसाए, सरट्ठाणा वियाहियाइ॥ ३ ॥

अर्थ

१ मिक व पारिणामिक निष्पन्न नाम कहा. यह सन्निपातिक भाव कहा. यह छ नाम का कथन हुवा. ॥ १२३ ॥ सात नाम का कथन कहते हैं–अहो भगवन् ! सप्त नाम कितने प्रकार से वर्णन किया गया है ? अहो शिष्य ! सात नाम के अंतर्गत सात स्वरों का वर्णन किया गया है जिन के नाम–१ षड्ज स्वर, २ रिषभ स्वर, ३ गांधार स्वर, ४ मध्यम स्वर, ५ पंचम स्वर, ६ धैवत स्वर, और ७ निषाद स्वर. अब इन सातों स्वरों के उत्पत्ति स्थानक बताते हैं. १ षड्ज स्वर जिव्हा के अग्रभाग से बोला जाता है, २ रिषभ स्वर का स्थान हृदय है, ३ गांधार स्वर कंठाग्र से निकलता है, ४ मध्यम स्वर जिव्हा के मध्य भाग से बोलाता है, ५ नासिका से पंचम स्वर बोला जाता है, ६ दांतके जोग से धैवत स्वर निकलता है और ७ निषाद स्वर नेत्र की भ्रकुटी के आक्षेप से बोला जाता है. ॥ १-३ ॥ सातों



For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir







**सूत्र** सत्तस्सरा जीव णिस्सिया पण्णत्ता तंजहा-( गाहा ) सज्जं रवइमउरो, कुक्कुडोरिसभं सरं ॥ हंसो रवइ गंधारं, मज्झिमं च गवेलगा ॥ ४ ॥ अह कुसुम संभवे काले, कोइला पंचमं सरं ॥ छट्ठंच सारसाकुंचा, नेसायं सत्तमंगउ ॥ ५ ॥ सत्तसरा अजीव निस्सिया पण्णत्ता तंजहा-( गाहा ) सज्जंरवइ मुयंगो, गोमुही रिसभं सरं ॥ संखो रवइ गंधारं, मज्झमं गुण झल्लरी ॥ ६ ॥ चउचरण पतिट्ठाणा, गोहिया पंचमंसरं ॥

**अर्थ** स्वर जीव निस्सृत प्रतिपादन किये गये हैं जिन के द्वारा स्वर ज्ञान की शीघ्र ही प्राप्ति होजाती है. सो वे निम्न लिखितानुसार है. १मयूर षड्ज स्वर का उच्चारण करता है,२कुकडा (मुर्गा) का ऋषभ स्वर होता है. ३ हंस गांधार स्वर में बोलता है, ४ गौ एलक आदि पशु मध्यम स्वर में बोलते हैं ५ वसंत ऋतु में कोयल पंचम स्वर में बोलती है, ६ सारस और क्रौंच पक्षी धैवत स्वर में उच्चारण करते हैं. और ७ सप्तम स्वर निषाद में हस्ती उच्चारण करता है. यह सात ही स्वर जीव निश्राय से वर्णन किये गये. ॥ ४-५ ॥ अब अजीव निश्राय से जो है सो कहते हैं. १ मृदंग षड्ज स्वर में बजता है, २ गोमुखी-रामवादित्र रिषभ में बोलता है. ३ शंख गांधार स्वर में बोलता है, मध्यम स्वर झालर-छैणों का होता है, चार पांव वाली भूमि पर प्रतिष्ठित गोधिका मे से पंचम स्वर नीकलता है. ६ ढोल नामक वादित्र धैवत स्वर में उच्चारण करता है और ७ महा भेरी नामक वादित्र सप्तम निषाद स्वर में

For Private and Personal Use Only

सूत्र

आडंबरोयरेवइयं, महा भेरीय सत्तमं ॥ ७ ॥ एते सिणं सत्तण्हं सराणं, सत्तसर लक्खणा पण्णत्ता तंजहा—(गाहा)सज्जेण लहइवित्तं, कयंचण विणस्सइ॥गावो पुत्ताय मित्ताय ॥ णारीणं होइ वल्लहो ॥ ८ ॥ रिसहेणओ एसज्जं सेणावच्चं धणाणिय वत्थ गंध मलंकारं, इत्थीओ सयणाणिय ॥ ९ ॥ गंधारे गिइ जुत्तिन्ना, विज्जवित्ति

अर्थ

उच्चारण करता हैं. यह सर्व एक अंश को ले कर इन के उदाहरण दिये गये हैं. ॥ ६-७ ॥ इन सात स्वर के सात लक्षण कहे हैं. जैसे जिस व्यक्ति का षड्ज स्वर होता है उस की आजीवि का ठीक होती है उस के द्वारा उसे धन की प्राप्ति होती है, उस का किया हुवा कार्य सब को माननीय होता है, गौ आदि पुत्र वा मित्र उस के बहुत होते हैं. नारी जनों को वह भी बहुत वल्लभ होता है, सो इन के द्वारा प्रथम षड्ज स्वर की लक्ष्यता होती है. ॥ ८ ॥ रिषभ स्वर के महात्म्य से ऐश्वर्य भाव सेनापति और धन का अतीव संग्रह व सुगंध अलंकार स्त्रियें पर्यंकादि सर्व प्रकार से प्राप्त होता हैं. और इन लक्षणों से निश्चय होता है कि इस व्यक्ति का रिषभ स्वर है. ॥ ९ ॥ गांधार स्वर वाला गीतों के ज्ञान का गीतज्ञ होता है और जिस की संसार में प्रधान आजीविका होती है, पुनः कलाओ में प्रवीण होता है. इस स्वर को जानने वाले बुद्धिवान कवि होते है और अन्य छंदादी शास्त्र के

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir







सूत्र

कलाहिया ॥ हवंति कइणोपाणा, जे अन्ने सत्थ पारगा ॥ १० ॥ मज्झिमस्स रमंताओ, हवंति सुहजीविणो॥ खायाति पियति देती, मज्झिमस्सर मस्सिओ॥ ११ ॥ पंचम सरमंताओ, हवंती पुहवीपती ॥ सूरो संगह कंतारो, अणेग गणणायगो ॥ १२ ॥ धेवयस्सरमंताओ, हवंति दुहजीविणो ॥ कुवेलाय कुविसिय, चोराचंडाल मुट्ठिया ॥ १३ ॥ णेसाहस्सर मंताओ, होंति हिंसगावश ॥ जंघाचारा जेहवाहा,

अर्थ

पारगामी होते हैं. ॥ १० ॥ मध्यम स्वर वाले जीव सुख पूर्वक जीवन व्यतीत करते हैं, उन के खान पान करने में वा देने में किसी प्रकार से विघ्न उपस्थित नहीं होते हैं परंतु पदार्थों के विशेष संग्रह करने में वे असमर्थ होते हैं. इसी से वे मध्यम स्वर आश्रित कहे जाते हैं. ॥ ११ ॥ पंचम स्वर वाले जीव भूमि के अधिपति होते हैं, समर में शूरवीर भी होते हैं, अनेक प्रकार के पदार्थों के भी संग्रह करने वाले होते हैं, और अनेक तर के नाम होते हैं. यह पंचम स्वर के लक्षण कहे हैं. ॥ १२ ॥ धैवत स्वर वाले जीव दुःख पूर्वक जीवन व्यतीत करने वाले होते हैं पुनः जिन के कवस्त्र व दुष्ट आजीविका होती है, इस स्वर के धारन करने वाले जीवी चौर्य कर्म, चांडालादि कर्म, काष्टिकादि प्रहार करने वाले होते हैं इसीलिये यह स्वर निषिद्ध होता है तथा इस स्वर वाला जीव पाप कर्म विशेष करता है. ॥ १३ ॥ निषाद स्वर वाले जीव हिंसक व अतीव भ्रमण करने वाले होते हैं तथा जंघाओं के दम

For Private and Personal Use Only

सूत्र

हिंडगा भार वाहगा ॥ १४ ॥ एतेसिंण सत्तण्हंसराणं तओगामा पण्णत्ता तंजहा-सज्जगामे, मज्झिमगामे, गंधारगामे, ॥ सज्जगामस्सणं सत्त मुच्छणाओ पण्णत्ताओ तंजहा-( गाहा ) मंगी, कोरवी, आहरिया, रयणी, सारकंताय । छट्ठी अ सारसी नाम, सुद्धसज्जाय सत्तमा ॥ १५ ॥ मज्झिम गामस्सणं सत्तमुच्छणाओ पण्णत्ताओ तंजहा-( गाहा ) उत्तर मंदा, रयणि, उत्तरा उत्तरासमा, ॥ सम्मोकंताय सोवीरा अभिरूवा होंति सत्तमा ॥ १६ ॥ गंधार गामस्सणं सत्तमुच्छणाओ पण्णत्ताओ

अर्थ

करने वाले, लख वाहक और भार वाहक भी होते हैं अर्थात् जो शूद्र क्रिया है उन के कर्ता निषाद स्वर वाले ही होते हैं अब इन सात स्वरों के तीन ग्राम व सात मूर्च्छना के विषय में कहते हैं. ॥ १४ ॥ इन सात स्वर के तीन ग्राम प्रतिपादन किये हैं १ षड्ज ग्राम २ मध्यम ग्राम और ३ गांधार ग्राम. इन में षड्ज ग्राम की सात मूर्छनाए कही गई है. १ मांगी, २ कोरवी. ३ हरिता, ४ रत्ना, ५ सारकंता, ६ सारसी और ७ शुद्ध षड्ज नामक सप्तमी मूर्च्छना है. ॥ १५ ॥ मध्यम ग्राम की भी सात मूर्च्छना ये प्रतिपादन की गई है जिन के नाम-१ उत्तरामंदा, २ रत्ना, ३ उत्तरा, ४ उत्तर सभा, ५ समकांता. ६ सुवीरा, और ७ अभिरूपा. ॥ १६ ॥ गांधार ग्राम की भी सात मूर्च्छना ये प्रतिपादन की गई हैं जैसे

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir







सूत्र

तंजहा–( गाहा )–नंदाय, क्खूड्डिमा, पूरिमाय चउत्थी सुद्ध गंधारा ॥ उत्तर गंधारावि य, सायंचमिया हवइ मुच्छा ॥ १७ ॥ सुट्ठुत्तर मायामी, सा छट्ठी सव्वओ णायव्वा ॥ अहउत्तरायया कोडिमाय सा सत्तमा हवइ मुच्छा ॥ १८ ॥ सत्तसरा कओ भवंती ? गीयस्स का भवंति जोणी ? कति समया ओसासा, कइवा गेयस्स आगारा ॥ १९ ॥ सत्तसरा णाभीओ भवंती, गीयंचरुन्न जोणि, पाद समा ओसासा, तिन्नि गीयस्स आगारा ॥ २० ॥ आइ मिउ आरंभंता, समुव्वहंताय मज्झयारंमि ॥ अवसाणं अववत्ता, तिण्णि गेयस्स आगारा ॥ २१ ॥ छद्दोसे अट्ठगुणे, तिण्णि अ वित्ताइ

अर्थ

कि १ नंदिका, २ क्षुद्रिका, ३ पुरीमा, ४ शुद्ध गांधार, ५ उत्तर गांधार, ६ सुष्टुत्तर मायाम और ७ उत्तरा कोटिमा. यह सप्तमी मूर्च्छना है. ॥ १८ ॥ अब सात स्वरों के विशेष प्रश्नोत्तर करते हैं. सातों स्वर किस स्थान में उत्पन्न होते हैं ? गीत की कौनसी योनि होती हैं, कितने समय प्रमाण स्वर में उच्छवास होता है, और गीतों के कितने आकार हैं ? ॥ १९ ॥ अब इन के उत्तर देते हैं. सातों स्वर नाभि से उत्पन्न होते हैं. गीतों की रुदित योनि है, गीतों के पद पद में उच्छवास हैं. और गीतों के तीन आकार कहे हैं. ॥ २० ॥ गीत की आदि में आरंभ करते कोमल स्वर चाहिये, फीर बीच में महा ध्वनि चाहिये और गीत अंत के में मंद स्वर होवे. इसलिये यह तीन आकार कहे हैं ॥ २१ ॥ जो रंग भूमि नाट्य भूमि में सुशिक्षित बनकर गाता है वही स्वर के छ दोष, आठ गुन

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



सूत्र

दोणि भणितिउ ॥ जो जाणाही सोगाहीत्ति सुसिक्खिओ रंग मज्झंमि ॥ २२ ॥ भीयं, दुयं, मपिच्छं, उत्तालं व कमसो मुणेयव्वं ॥ कागस्सरं मणुणासं, छद्दोसा होंति गीयस्स ॥ २३ ॥ पुणरत्तं च अलंकियंच, वत्तं च तहेव विधुट्ठं ॥ महुरं समं सुललियं, अट्ठगुणा होति गीयस्स ॥ २४ ॥ उरकंठ सिर पसत्थं च, गिज्जंतो

अर्थ

छंदो के तीन भेद और दो प्रकार की भाषा को जानता है. ॥ २२ ॥ गीत के गाने में षट् प्रकार के दोष होते हैं जैसे कि १ भय सहित गाना, २ शीघ्र २ गाना. ३ श्वास होने पर गाना ४ ताल से विपरीत गाना, ५ कगवत् स्वर के होने पर गाना और ६नासिका में गाना ॥ २३ ॥ गीत के गाने में अष्ट प्रकार के गुन निम्न प्रकार से प्रतिपादन किये गये हैं. जैसे कि १ स्वर कला में प्रविणता, २ राग में रक्तता ३ अलंकार सहित. ४ प्रगट वचन. ५ शुद्ध स्वर, ६ कोकिलावत् मधुर स्वर, ७ तालादि वादित्र सम स्वर, और ८ सललित स्वर हो. यही गीत के गाने के आठ गुन हैं. इन गुणों के साथ गीत गाने से गीत निर्दोष कहे जाते है. ॥ २४ ॥ प्रकारांतर से गीत शुद्धि का विवर्ण किया जाता है. जैसे कि उर, कण्ठ, शिर विशुद्ध होवे, मृदु गीत गाया जावे. चातुर्यता के साथ अक्षरों का संचारण किया जावे, पद द्धरचनाष होवे, फिर हस्तादि की ताल सम होवे. नृत्य करने वाले का प्रत्क्षेप ठीक होवे, इस प्रकार

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir







सूत्र

मउय रिभिय ॥ पदबंध समंताल पउखेवं, सत्तसरसी भरणेयं ॥ २५ ॥ अक्खरसमं पयसमं, तालसमं लयसमं ॥ गहसमं च निससियं च उससियं, सम्मं संचारसमं च सत्ताति ॥ २६ ॥ निद्दो सैसारवंतंच हेउजुत्ते मलंकियं ॥ उवणीय सोवयारं च, मियं मधुर मेवय ॥ २७ ॥ सम्मं अद्धसमं चेव, सव्वत्थं विसमंसज्जं, तिण्णिवित्तं पयाराइं, चउत्थो नो पलब्भइ ॥ २८ ॥ सक्कया, पागया,

अर्थ

विशुद्धि के साथ जब गाना गाया जाता है तब उस गीत को सप्त स्वर विशद्ध कहते हैं ॥ २५ ॥ फिर अक्षर सम हों, पद सम हों, ताल सम हों, लता सम हों, ग्रह सम हों, श्वासोच्छवास सम हो, और सतार आदि में संचार भी सम हो—यह भी सात गुण स्वर के प्रकारांतर से कहे गये हैं. ॥ २६ ॥ वृत्त के आठ गुण होते है जैसे कि १ छंद निर्दोष २ विशिष्ट अर्थ का सूत्र कर हेतु युक्त, ३ अलंकृत, ४ नयों से युक्त, ५ शुद्ध अलंकार पूर्वक ६ विरुद्धादि दोषों रहित ७ मिष्टाक्षरी और ८ मधुर. ॥ २७ ॥ फिर भी तीन प्रकार के वृत्त कहे गये हैं जिन के चार पदों के परस्पर समान वर्ण होते हैं उन्हे सम छंद कहते हैं, जिन के प्रथम पाद व तृतीय पाद और द्वितीय पाद व चतुर्थ पाद समान होवे उन्हे अर्ध समच्छंद कहते हैं परंतु जिस छंद के चारों पाद विषम होवे उसे सर्व विषम छंद कहते है यही तीनों वृत्तों के प्रकार कहे गये हैं परंतु चतुर्थ प्रकार कहीं भी उपलब्ध नहीं है. ॥ २८ ॥ अब भाषा

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



सूत्र

२ चेव, भणिओ होति दुण्णिओ ॥ सरमंडलंमिगिज्जंते, पसत्था इसी भासिया ॥ २९ ॥ केसी गायइ महुरं ? केसी गायइ खरंच रुक्खंच ॥ केसी गायति चउरं। केसीय विलंबितं दुतं केसीयाए विस्सरं पुण केरसी ( गाथा धिकंमिदं ) ॥ ३० ॥ गोरी गायइ महुरं, काली गायति खरंच रुक्खंच ॥ सामा गायति चउरं, काणी अविलंवियं दुतं अंधा ॥ ३१ ॥ बिस्सरंपुण पिंगला ( गाथाधिकमिदमपि) ॥ सत्त

अर्थ

विषय कहते हैं. तीर्थ करोंनेसंस्कृत व प्राकृत ये दोनों भाषा प्रतिपादन की है और दोनों भाषाओ में स्वर मंडळ गायन किया जाता है. और यह दोनों भाषा सुंदर है और ऋषि भाषित है. (यहां पर ऋषि शब्द का अर्थ भगवान से है.) ॥२९॥ अब फिर प्रश्न कहते हैं कि कौनसी स्त्री मधुर गीत गाती है, कौनसी स्त्री खार और रूक्ष गीत गाती है. कौनसी स्त्री दक्षता पूर्वक गाना गाती है, कौनसी स्त्री विलंब से गाती है. कौनसी स्त्री शीघ्रता से गाती है और कौनसी स्त्री विस्वर गाती है ? ॥ ३० ॥ १ गौर वर्ण वाली स्त्री मधुर गीत गाती है. काले वर्ण वाली स्त्री कर्कश गीत गाती है, श्याम वर्ण वाली स्त्री दक्षता पूर्वक गाती हैं. एक आंख वाली स्त्री विलंब से गाती है, नेत्र हीन–अंधी स्त्री शीघ्र गाना गाती है और कपिल स्त्री विस्वर गाती है, ॥ ३१ ॥ अब सप्त स्वरों का उपसंहार कहते हैं—इस स्वर मंडल में सप्त

For Private and Personal Use Only

सूत्र सरा तउगामा, मुच्छणा एगवीसइ ताणा एगुणा पण्णासं ॥ सम्मत्तं सर मंडलं ॥ ३२ ॥ सेत्तं सत्त नामे ॥ १२४ ॥ से किं तं अट्ठ नामे ? अट्ठ नामे अट्ठविहा वयणविभत्ती पण्णत्ता तंजहा—( गाहा ) निद्देसे पढमाहोइ, बितिया उवएसेणं ॥ तइया करणंमिकया चउत्थी संपदावणे ॥ १ ॥ पंचमिय अवायाणे, छट्ठी सस्सामिं वायणे ॥ सत्तमी सन्निहाणत्थे, अट्ठमीमंतणी भवे ॥ २ ॥ तत्थ पढमाविभत्ती निद्देसो सो इमोय हवंती॥ बितिया पुण उवएसे, भणकुणसुइ मंवयंच

अर्थ स्वर, तीन ग्राम, २१ मूर्छना, और ४९ तान वर्णन की गइ है परंतु तान उसे कहते हैं कि जैसे एक वीणा में ७ छेद हैं उन में एक स्वर सात सात वार गाया जाता है सो इस प्रकार सातों सात ४९ तान हुए. सो यह ४९ तान भी स्वर मंडल के बीच में है. इस प्रकार स्वर मंडल की समाप्ति को कही है अपितु इसे ही सप्त नाम कहते हैं ॥३२॥ यह सात नाम का कथन हुआ. ॥ १२४ ॥ अहो भगवन् अष्ट नाम किसे कहते हैं ? अहो शिष्य ! अष्ट नाम में अष्ट विभक्ति कही हैं तद्यथा—निर्देश में प्रथम विभक्ति होती है. २ उपदेश में द्वितीया, ३ कारण में तृतीया, ४ संप्रदान में चतुर्थी, ५ अपादान में पंचमी, ६ संबंध में षष्ठी, ७ आधार में सप्तमी और ८ आमंत्रण में अष्टमी विभक्ति होती है. ॥ १-२ ॥ अब इन आठों विभक्तियों के उदाहरन कहते हैं. इस में प्रथम विभक्ति निर्दोष रूप इस प्रकार है. सः,

 

**सूत्र** वंति ॥ ३ ॥ ततिया करणंमि कया, भणियं च कयंच तेणं वा मएवा ॥ हंदिणमो साहाए हवइ चउत्थीसं पयाणंमि ॥ ४ ॥ अवणय गिण्हएत्तो, एउत्तिवा पंचमी अपायाणे ॥छट्ठी तस्सइमस्स, वागयस्सवासामि संबंधे॥ ५ ॥हवइ पुणसत्तमी तंइमंमि आहार काल भावेय ॥ आमंतणी भवे अट्ठमिउ, जहाहे जुवाणेति ॥ ६ ॥ सेतं अट्ठमी नामे ॥ १२५ ॥ से किंतं नव नामे ? नव नामे ! नव कव्वरसा

**अर्थ** अयं, अहं. उपदेश में द्वितीया होती हैं. जैसे शास्त्रं पढ, कार्यं कुरु अर्थात् शास्त्र का अभ्यास कर और कार्य कर. ॥ ३ ॥ करण में तृतीया विभक्ति होती है पठितं वा कृतं तेन मया वा अर्थात् मैंने अथवा तैने अभ्यास किया या कार्य किया. चतुर्थी संप्र ानमें नमः स्वाहाः अग्नये. अर्थात् अग्नि देवता को नमस्कार पांचवी विभक्ति अपादान में होती है जैसे एतस्माद् दूरं अपनय, अर्थात् इस से दूर करो, षष्ठी स्वामी संबंध में राज्ञःपुरुषः राजा का पुरुष ॥ ५ ॥ सप्तमी बिभक्ति आधार में होती हैं तथा काल और भाव में भी होजाती है जैसे प्रधो रमते अर्थात् वसंत मास में लोग क्रीडा करते हैं यह काल में सप्तमी हुइ अथवा चारित्रेऽवतिष्ठते—अर्थात् चारित्र में रहा है यह भाव में सप्तमी हुइ. आठवी विभक्ति आमंत्रण में जैसे हे युवान् ! यह अष्टमी विभक्ति हुइ. यह आठ नाम का कथम हुवा. ॥ १२८ ॥

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir







सूत्र

पण्णत्ता तंजहा—( गाहा ) वीरो, सिंगारो, अब्भुओय, रुद्दो अहोइ बोधव्वो ॥ वेलणओ विभच्छो हासो, कलुणो पसंतोय ॥ १ ॥ तत्थ परिच्चागंमिय, दाणे तव चरणा सत्तुजण बिणासेय ॥ अणणुसयधिती, परक्कमालिंगो वीररसो होइ ॥२॥ वीरोरसोजहासो नाम महावीरो जो रज्जं॥ पयहिऊण पव्वइउ॥ कामकोह महासत्तू पक्ख निग्घायणं कुणइ ॥ ३ ॥ सिंगारो नामरसो, रति संजोगाभिलास संजणणो

अर्थ

अहो भगवान्! नव नाम किसे कहते हैं? अहो शिष्य! नव प्रकार के रस कहे हैं जैसे १ वीर रस, २ शृंगार रस, ३ अद्भुत रस, ४ रौद्र रस ५ व्रीडा रस-लज्जा रस ६ बीभत्स रस, ७ हास्य रस, ८ करुणा रस और ९ प्रशांत रस इन नव नाम में से प्रथम वीर रस का वर्णन करते हैं-दान देने में, तपश्चर्या करने में, चारित्र पालने में शत्रु का विजय करने में और पाप का पश्चाताप करने में मन को स्थिर कर सच्चे मन से पराक्रम फोडे इस प्रकार पराक्रम का चिन्ह जहां होवे उसे वीररस कहना उदाहरण जैसे श्री महावीर का स्वामी पराक्रम-राज्यऋद्धि का त्याग कर प्रवर्ज्या दीक्षा धारन करे फिर कामक्रोधादि महा प्रबल शत्रुओं का पक्ष की निर्धात करने में प्रवर्ते यह सच्चावीर रस है. ॥ २-३ ॥ अब शृंगार रस का वर्णन करते हैं. स्त्री के साथ संभोग के अभिलाषी संयोगिक

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir





सूत्र

॥ मंडणा विलास विव्वोय, हास लीलारमणलिंगो ॥ ४ ॥ सिंगारो रसोजहा, महुर विलाससलालिय॥हिउयमादण कर जुवाणाणं सामाय॥ ५ ॥मेहला दामं विम्हयकारो अपुव्वो, अणुभूत पुव्वो यजो रसो होइ, हरिसविसाय उप्पत्तिलक्खणो अब्भुतोनाम ॥ ६ ॥ अब्भुअउरसो जहा, अब्भुअतरमिहाएतो ॥ अन्नं किं अत्थि

अर्थ

कार्य वांच्छा उत्पन्न करने के लिये भूषणादि से शरीर का मंडन करे. नेत्रादि अंगोपांग की चेष्टा कर अंग को बिकार में प्रवर्तावे, हास्य मस्करी से कामोत्पादक भाषा बोले, परस्पर क्रीडा करे, यह शृंगार जानना. इस का उदाहरण रणकार युक्त मधुर शब्द विलास लीला व कटाक्ष करने वाली युवती या युवान के हृदय में रमण करे ऐसे कंदर्पावतार रूप शृंगार भाषण व स्त्रियों नेपुरादि भूषण के घूघंकार-घमकार करती दांतों की मेखला को दर्शाती रत्न जडित कटि मेखलादि मलाकार करती कायर पुरुषों को विमोहित करे. यह शृंगार रस है. ॥ ३-४ ॥ अब अद्भूत रस के लक्षण कहते हैं-प्रथम अनुभवः नहीं होवे वैसा विस्मय कारक बनाव को अद्भूत रस कहते हैं. कितनेक अच्छे अद्भूत बनाव हर्षोत्पादक होते हैं और कितनेक खेद करने वाले होते हैं. यह उस के लक्षण कहे हैं अब उस का उदाहरण कहते है. सम्यग् दृष्टि हलु कर्मी जीवों को जिनेन्द्र प्रणीत शास्त्रों का गूढार्थ श्रवण मनन करते आनंद में मग्न हो आश्चर्य चकित होते हैं. और आश्चर्य में विचार करते हैं कि ऐसी विचित्रता अन्य

For Private and Personal Use Only

सूत्र

जीवलोगम्मि जं जिणवयणे अच्छा, तिकाल जुत्ता मुणिज्जंति ॥ ७ ॥ भयजगण ण रूवसद्दंधगार चिंता कहा समुप्पन्नो, ॥समोह संभमविसाय, मरणलिंगी रसोरुद्दा ॥ ८ ॥ रोद्दोरसा जहा भिउडी विडंबिय मुहो ॥ संदट्ठोट्ठइयरुहिरमो, ? किण्णा हणीसपमुसं असुरणिभो, भीमरसिय अइरोद्द रोद्दोसिए ॥ ९ ॥ विणउवयार

अर्थ

किसी शास्त्रों में देखने में नहीं आइ. इस प्रकार के जिन वचन में रक्त बने जीव इस लोक में तत्त्वार्थ के तथा त्रिकाल के स्वरूप के सदा ज्ञाता होते हैं. ॥ ५-७ ॥ अब चौथे रौद्र रस का दृष्टांत कहते हैं व्यंतरादि की चेष्टा के भयंकर रूपों को देखकर तथा अंधकार में भय स्थान देख भयानक शब्द श्रवण कर हृदय में रौद्र रस प्रगट होता हैं इस से जीव मूढता, व्याकुलता व विषाद पना धारन करते हैं कितनेक प्राण का भी त्याग करदेते हैं. इसे रौद्र रस कहना. इस का उदाहरण जब रौद्र रस उत्पन्न होता है तब ललाट में तीन सळ उत्पन्न होते हैं. मुखमुद्रा विकराल बनती है, दिल में युद्ध आमंत्रण करता है, अन्य को पीडित करता है, घात कर रुधिर से हस्त व शस्त्र भरे रहते हैं. वह राक्षस समान बनता है, भयंकर शब्दों कर के अन्य को कहे कि तू भयंकर दिखाता है. यह रौद्र रस जानना. ॥ ८ ९ ॥ विनय उपचार अश्लील वार्ता, उपाध्यायादि कीस्त्रियों से मैथुन क्रीडा, मर्यादाओं का

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



सूत्र

गुब्भगरुदारमेरावतिक्कमुप्पन्नो ॥ वेलणउनामरसो लज्जा संका जणणलिंगो ॥ १० ॥ वेलणोरसो जहा, किं लोइय करणीआओ ॥ लज्जणतरगं तिलिज्जयामोत्ति, वारिज्जमि गुरुजणो, परिवंदे[illegible] बहुपोत्ति ॥ ११ ॥ असुइ कुणिमदु दंसण, संजोगाब्भास गंध निप्फन्नो ॥ निव्वेअविहिंसा लक्खणो, रसोहोइ बीभच्छो ॥ १२ ॥ बीभच्छो

अर्थ

अतिक्रम करना इत्यादि कारणों से लज्जा रस उत्पन्न होता है. इस रस के शंका वा लज्जा चिन्ह है. उदाहरण जैसे नव वधू अपनी प्यारी सखी से कहती है कि मेरी प्यारी सखी ! जो मेरे भर्तादि के संयोग से रुधिर चर्चित वस्त्र हुए हैं उन वस्त्रों को मेरे श्वसुरादि अनेक नरनारियों को दिखलाते हैं, यद्यपि यह मेरे पतिव्रत धर्म की प्रशंसा करते हैं परंतु इन कारणों से मैं तो परम लज्जित होती हूं क्यों कि जब मैथुन क्रिया के नाम से ही लज्जा उत्पन्न होती है अपितु यह तो मेरे उदाहरण ही दे रहे हैं इसलिये इस संसार में इस से बढ कर लज्जा का स्थान क्या होगा, अपितु कोई भी नहीं. अतः विवाहादि में भी मेरें वस्त्र दिखलाये जाते हैं इसलिये मैं परम लज्जित होती जाती हूं. सो इसी का नाम लज्जा रस है. ॥ १०-११ ॥ बीभत्स रस उसे कहते हैं कि जो अशुचि मांसपिंड दुर्दर्शन, इत्यादि के वारंवार देखने से दुर्गति के निमित्त से वैराग्य और दया भाव उत्पन्न होता है वही बीभत्स रस है, अपितु यह वार्ता मोक्ष गमन आत्मा की अपेक्षा की गइ है. ॥ १२ ॥ और वे धन्य है कि जिन्होंने

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir



सूत्र

रसो जहा, असूइ मलभरिय ॥ निज्झरसभाव दुग्गंधी, सव्वकालं पिधन्नाओ सरीर कलिबहु मल कलुसं विमुचंति ॥ १३ ॥ रूव [illegible] य वेस भासा, विवरिय [illegible] समुप्पन्नो ॥ हासो मणप्पभासो पगा[illegible]लिंगो रसो होइ ॥ १४ ॥ हासो रसो जहा पासुत्तमसि मंडिय पडिबुद्ध ॥ देयरपलोयतीहाजहणथण [illegible]रकं[illegible]रण, [illegible]मिय मज्झाहसती सामा ॥ १५ ॥ पियविप्पउ गवंध वहवाहिं विणिवायसंभ समुप्पन्नो

अर्थ

अशुचि व मल से भरे हुवे श्रोत्रादि विवर जो स्वभाव से दुर्गंध यह शरीर है उस को छोडदिया है. क्यों कि यह शरीर मल से कलुषित हो रहा है. सदैव काल इस के सर्व द्वार मल को प्रस्रवण कर रहे हैं. इसलिये वे धन्यवाद को योग्य हैं जो इस अपार मय शरीर को छोडकर मोक्ष गमन हो गये हैं. ॥ १३ ॥ अब हास्य रस का विवर्ण करते हैं. रूप का परिवर्तन करता अथवा वृद्धादि का रूप धारण करता. भाषा विपरीत बोलनी, जिस के द्वारा हास्य की उत्पत्ति हो और मन प्रफुल्ल हो जाय सो यही उक्त चिन्ह हास्य रस के हैं. अर्थात् इन लक्षणों ही से हास्य रस की प्रतीति होती है. ॥ १४ ॥ इस के उदाहरण मे केवल इतना ही विवर्ण है कि श्यामा स्त्री निज देवर का उपहास करती है और उस के मुखादि को केवल हास्य के लिये मषी से अलंकृत करती है. उसी को हास्य रस कहते हैं. ॥ १५ ॥ अब करुणा रस विषय कहते है. करुणा रस उसे कहते हैं. जो विषय के



For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

 

मूल

॥ सोइअविल विपयण्हाय रुन्नलिंगो रसो कलुणो ॥ १६ ॥ कलुणोरसो जहा, पज्झाय किलामिअयं ॥ बाहागय पप्फु अच्छीय, बहुसो तस्स विओगे पुत्तिय, दुब्बलयंते मुहंजायं ॥ १७ ॥ निद्दो समणस्स माहाप्पा, संभवो जो पसंत भावेणं ॥ अविकार लक्खणो, सो रसो पसंतो णायव्वो ॥ १८ ॥ पसंतो रसो जहा, सब्भाव निव्विगारं ॥ उवसंत पसंत सोमदिट्ठी, अहीजहं मुणिणो सोहंति मुह

अर्थ

